चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 110 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 'जम्मू-कश्मीर में शीघ्र बहाल होगा राज्य का दर्जा, होंगे विधानसभा चुनाव'





**उधमसिंह नगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वो समय दूर नहीं जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू कश्मीर में वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। जम्मू कश्मीर में खुलकर निवेश होगा और यहां विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। वे आज यहां चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर में स्कूल जलाए जाते थे, लेकिन अब स्कूल सजाए जाते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर खुलकर सांस ले रहा है। उधमपुर में आशीर्वाद देने आए मेरे परिवारजनों को मोदी की गारंटी है कि अगले पांच वर्षों में यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

मोदी ने कहा कि आज पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की गारंटी है। पहले तक जम्मू कश्मीर के गांवों में बिजली-पानी और सड़क नहीं तक नहीं थे। आज गांव- गांव तक बिजली पहुंच चुकी है। जम्मू कश्मीर के 75 प्रतिशत से ज्यादा घरों को पाइप लाइन से पानी की सुविधा मिल रही है। इतना ही नहीं यह डिजिटल का जमाना है। डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए मोबाइल टावर दूरदराज के पहाड़ों में भी लगाने का तेज अभियान चल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि ये चुनाव देश में एक मजबूत सरकार बनाने का चुनाव है। और सरकार जब मजबूत होती है, तो जमीन पर चुनौतियों के बीच भी, चुनौतियों को चुनौती देते हुए काम करके दिखाती है।

उन्होंने कहा कि पहले माता वैष्णो देवी यात्रा हों या अमरनाथ यात्रा, ये सुरक्षित तरीके से कैसे हों इसको लेकर ही चिंता होती थी। आज स्थिति एकदम बदल गई है। आज जम्मू कश्मीर में विकास भी हो रहा है और विश्वास भी बढ़ रहा है। इसलिए आज जम्मू कश्मीर के चप्पे-चप्पे से एक ही गूंज सुनाई दे रही है-फिर एक बार मोदी सरकार।

पीएम मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 की दीवार को उन्होंने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बसपा ने जारी की नौ उम्मीदवारों की लिस्ट



**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आज नौ उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की है। बसपा प्रमुख मायावती ने घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान और भीम राजभर को आजमगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है।

बसपा ने मोहम्मद इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानन्द पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा को मौका दिया है। वहीं, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रावर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है।

## 14 को मायावती की यूपी में पहली रैली

लोकसभा के चुनाव मैदान में अकेले ही उतरने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती यूपी में लगभग 40 चुनावी रैलियां करेंगी। मायावती की प्रदेश में पहली रैली 14 अप्रैल को सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में होगी। मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी और बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद छह अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी रैलियां कर रहे हैं।

बता दें कि बसपा अबकी देशभर में किसी भी बड़े दल से गठबंधन किए बिना अबकी अकेले ही चुनाव लड़ रही है। मायावती के साथ अबकी उनके युवा भतीजे आकाश भी चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आकाश की 13 को हाथरस, 17 अप्रैल को सहारनपुर व कैराना में चुनावी जनसभाएं प्रस्तावित हैं। इस बीच आकाश की दूसरे राज्यों में भी जनसभाएं होंगी।

## चतुर्थ कूष्मांडा



आज ईशत हास्य से ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना होगी। इनकी कांति और आभा सूर्य के समान है। जब सृष्टि नहीं थी तब देवी के कूष्मांडा स्वरूप ने ही सृष्टि का विस्तार किया। मां का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का है। शाकुंभरी रूप धर देवी ने शाक से धरती को पल्लवित किया और शताक्षी बनकर असुरों का संहार किया। यह प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री हैं। कृष्मांडा देवी को आराधना के बिना जप और ध्यान संपूर्ण नहीं होते। नवरात्र के चौथे दिन शाक-सब्जी और अन्न का दान फलदायी है। माता के इस रूप में तृप्ति और तुष्टि दोनों हैं।

**उपासना मंत्र**

या देवी सर्वभूतेदु तुष्टि रूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।

## ठेकेदार को जान से मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर में कंस्ट्रक्शन साइट के ठेकेदार ने तीन लोगों के खिलाफ धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के खौफ से वह साइट पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहा है। नीति खंड इंदिरापुरम गाजियाबाद निवासी प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि उनकी पीपी कंस्ट्रक्शन के नाम से कंपनी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सरकार गिराने व राष्ट्रपति शासन की हो रही है साजिश : आतिशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी की नेत्री व दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होना बंद कर दिया है। दिल्ली की सरकार को गिराने और राट्रपति शासन लगाने की साजिश की जा रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से लगातार आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमलावर है। आप मंत्री आतिशी ने



आरोप लगाया है कि दिल्ली की सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश की जा रही है। सीएम को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि मैं भाजपा को चेतावनी देती हूं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना अवैध, असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को स्पष्ट जनादेश दिया है।

आतिशी ने कहा कि भाजपा को पता है कि चाहें वे कितना भी जोर लगा लें, वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रेमिका के पति ने की थी युवक की हत्या, गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने बीते दिनों खाली ग्राउंड में मिले युवक के शव की गुत्थी सुलझा ली है। युवक की हत्या उसकी प्रेमिका के पति ने गला दबाकर की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि बीते 27 मार्च को सेक्टर-71 के खाली ग्राउंड में एक युवक का शव मिला था। युवक की पहचान कानपुर निवासी मुकेश दिवाकर के रूप में हुई थी। मुकेश दिवाकर हाल में मामूरा गांव में किराए पर रह रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुकेश दिवाकर की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात प्रकाश में आई। इसके बाद पुलिस ने जनता से जांच पड़ताल की तो पता चला कि मुकेश दिवाकर के बसई गांव में रहने वाली एक महिला के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। इस बात की भनक महिला के पति राजू (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अमित शाह की रैली को लेकर भाजपा ने झोंकी ताकत

- महानगर अध्यक्ष व टीम ने रैली स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



**नोएडा (चेतना मंच)।** कल केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की रैली को लेकर नोएडा भाजपा महानगर टीम ने ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने अपनी टीम के साथ रैली स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव आदि कई पदाधिकारी थे।

सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहॉट के पास शिवालिक पार्क में अमित शाह कल शाम को 5.00 बजे रैली करेंगे। इस रैली में काफी भीड़ जुटने की उम्मीद है। इस रैली से अमित शाह गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व सांसद डा. महेश शर्मा के पक्ष में लोगों से ऐतिहासिक समर्थन की अपील करेंगे। भाजपा अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि इस रैली में भारतीय जनता पार्टी के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शराब की अवैध तस्करी करते चार गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अवैध शराब की तस्करी तथा बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थान से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 395 लीटर शराब बरामद हुई है।

थाना दनकौर पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर धनोरी सक्का गांव की पुलिया के पास से ग्राम धनोरी कला निवासी रविंद्र कुमार पुत्र धर्मवीर को गिरफ्तार किया। इसके पास से प्लास्टिक की पांच कैन बरामद हुई। कैन में 240 लीटर देसी शराब भरी हुई थी। पकड़े गए रविंद्र ने बताया कि वह शराब के ठेके से शराब खरीदकर उसे प्लास्टिक के केन में भर लेता है इसके बाद वह शराब के ठेके बंद होने के बाद देसी शराब की बिक्री महंगे दामों पर करता है।

थाना दनकौर पुलिस ने कस्बा बिलासपुर के बाहर ग्राम दलेलगढ़ पुलिया के पास से बंटी कुमार पुत्र पदम सिंह को गिरफ्तार किया। इसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 50 लीटर देसी शराब बरामद हुई। बंटी ने बताया कि उसने शराब के ठेके से शराब खरीद कर उसे प्लास्टिक के कैन में भरकर खाली बोतलों को खेरली नहर में फेंक देता था। ठेके बंद होने के पश्चात वह शराब की बिक्री करता था।

थाना बादलपुर पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि रोजा जलालपुर फाटक के पास एक व्यक्ति शराब ले जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर विकास पुत्र बलवीर निवासी ग्राम गिरधरपुर को दबोच लिया। इसके पास से बरामद केन से 55 लीटर देसी शराब (शेष पृष्ठ-3 पर)

## घर में घुसकर हमला व मारपीट, 5 नामजद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पुरानी रंजिश के चलते जेवर के ग्राम फलैदा बांगर में पांच लोगों ने पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान युवक को बचाने आई घर की महिलाओं के साथ भी दबंगों ने मारपीट कर उनके कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित पक्ष ने पांच लोगों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम फलैदा बांगर निवासी कमल सिंह ने बताया कि 5 मार्च की शाम को उनका बेटा नितिन घर पर था इस दौरान गांव के ही कलुआ, अमन, पवन, सुनील, मोहन पुत्र सुंदर लाठी डंडों से लैस होकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने नितिन के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। नितिन ने जब इस बात का विरोध किया तो पांचों आरोपी उसे घर से खींच कर बाहर ले आए और लाठी डंडों से पीटा। शोर शराबा सुनकर उसकी (शेष पृष्ठ-3 पर)




## घर से लापता हुई किशोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-18 की जेजे कॉलोनी से एक (16 वर्षीय किशोरी) नशे की लत के चलते घर से चली गई। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-18 की जेजे कॉलोनी में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके 16 वर्षीय बेटी 2 दिन पहले अपनी सहेली के साथ घर से चली गई। रमेश के मुताबिक दोनों किशोरी गलत संगत में पड़ गई है और नशा करती हैं पहले भी उसकी बेटी घर से चली गई थी जो दो-तीन दिन बाद वापस आ गई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो वेल्डिंग मशीन व लैपटॉप चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-69 क्षेत्र के बरौला गांव से चोरों ने एक गोदाम से दो वेल्डिंग मशीन चोरी कर ली। वहीं सेक्टर 135 स्थित टुडे होम सोसाइटी से एक व्यक्ति का लैपटॉप चोरी हो गया। सेक्टर-51 निवासी सौरभ जैन ने बताया कि उसका बरौला गांव में गोदाम है। बीते 8 अप्रैल को जब वह अपने गोदाम पर आया तो उसे कुछ सामान गायब मिला। उसने जब गोदाम में रखे सामान की पड़ताल की तो पता चला कि अज्ञात चोरों ने दो वेल्डिंग मशीन चोरी कर ली हैं। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं थाना एक्सप्रेसवे में सेक्टर-135 टुडे होम्स निवासी साहिल कुमार ने अपना लैपटॉप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। साहिल कुमार के मुताबिक 3 मार्च (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बेटे का एक्सीडेंट बताकर साइबर ठगों ने रिटायर्ड दरोगा से 2 लाख ठगे



**नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर ठगों ने उत्तर प्रदेश के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर को 2 लाख रुपए का चूना लगा दिया। रिटायर्ड दरोगा के अमेरिका में रहने वाले बेटे के एक्सीडेंट होने की बात कहकर साइबर ठग ने दो लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। उत्तर प्रदेश पुलिस से सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड रणजीत सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में सेक्टर 20 में रह रहे हैं। उनका बेटा अमेरिका में रह रहा है। बीते 5 अप्रैल को उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया है। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए उसने एक वकील किया। वकील की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जैन मंदिर के पास झपटमार ने लूटी चेन

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-50 स्थित जैन मंदिर के पास से बाइक सवार लुटेरे ने एक महिला के गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गया। पूरी घटना मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।



छतरपुर एनक्लेव फेज-2 नई दिल्ली निवासी आशीष जैन ने बताया कि वह अपनी बहन के साथ गुरुवार को सेक्टर-50 स्थित जैन मंदिर आए थे मंदिर से दर्शन करने के बाद वह सड़क किनारे आकर खड़े हो गए और बातचीत करने लगे। इस दौरान पीछे से बाइक पर आया एक युवक उनकी बहन के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। उन्होंने शोर मचाकर बाइक सवार का पीछा किया लेकिन वह मौके से फरार हो गया। जैन मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में लूट की है पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। थाना सेक्टर- 49 पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रत्याशियों के खर्चों पर व्यय प्रेक्षकों की पैनी नजर!

## व्यय टीम को दिये सभी खर्च रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का चुनावी खर्च आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित व्यय रजिस्टर में दर्ज कराया जा सके। इस उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक सृष्टि चौधरी एवं राजराजेश्वरी ने कलेक्ट्रेट के सभागार में व्यय टीमों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी आयोग द्वारा निर्धारित की गई सीमा के अंतर्गत ही अपने चुनाव में खर्च कर सकते हैं।




इसी उद्देश्य से चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के चुनावी खर्च को उनके व्यय रजिस्टर में अंकन दर्ज कराया जा सके इस उद्देश्य से आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न व्यय टीमें जनपद में कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों के चुनावी खर्च पर पैनी नजर बनाकर रखते हुए उनके सभी खर्च निर्धारित रजिस्टर में दर्ज कराने की कार्यवाही सभी टीम के अधिकारी सुनिश्चित करें। चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों के द्वारा जो कार्यक्रम चुनाव संबंधी किए जाएं सभी संबंधित टीम मौके पर पहुंचकर निर्धारित दरों के तहत उनके खर्चों का अंकन रजिस्टर में कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण/वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, लाइजन ऑफिसर दीपक कुमार एवं एसएसटी टीम, एफएसटी टीम, वीडियो निगरानी टीम तथा अन्य संबंधित टीमों के अधिकारियों द्वारा बैठक में भाग लिया गया।



## न्याय संगत गिरफ्तारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को 'वैध' और 'न्यायसंगत' करार दिया है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेल भी स्पष्ट है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती। ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्स एप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से 'क्रॉस' कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है। अदालत पर कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होता और न ही उसे चुनाव के समय, चुनावी टिकट और चुनावी बॉन्ड से कोई लेना-देना है। सरकारी गवाहों के बयान पीएमएलए और धारा 164 में न्यायाधीश के सामने लिए गए हैं। सरकारी गवाह का प्रावधान सैकड़ों साल पुराना है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि इन प्रावधानों का उपयोग केजरीवाल को फंसाने के लिए किया गया। यह मामला ईडी और केजरीवाल के बीच का है। इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, गलत करार दिया था, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने इन टिप्पणियों के साथ केजरीवाल की अर्जी को खारिज कर दिया। केजरीवाल और 'आप' के सामने अब भी सर्वोच्च अदालत में इस फैसले को चुनौती देने का संवैधानिक विकल्प शेष है, लेकिन उच्च न्यायालय के स्तर पर यह तथ्य स्थापित हो चुका है कि शराब नीति बनाने और उसकी आड़ में घूस मांगने के कथित अपराध में केजरीवाल भी संलिप्त थे। बेशक 'आप' के नेता और प्रवक्ता दलीलें देते रहें कि चवन्नी भी बरामद नहीं हुई है। केजरीवाल को फंसाना और जेल तक पहुंचाना अभी तक की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। भाजपा 'आप' को कुचल देना चाहती है, दिल्ली की सरकार गिराने के उसके मंसूबे हैं। 'आप' राजनीतिक स्तर पर कितने भी अभियान चलाए, लेकिन अदालत के सामने ठोस साक्ष्य हैं। उन्हें अदालत ने बुनियादी तौर पर स्वीकार भी किया है। हवाला ऑपरेटर्स के बयान भी मौजूद हैं। जिन्होंने घूस की राशि दी है, उनके बयान, ई-मेल, व्हाट्स एप चैट, बैठकों और मुलाकातों आदि के ब्योरे भी उपलब्ध हैं। केजरीवाल और 'आप' किस-किस को झुठलाने की कोशिश करेंगे। दरअसल केजरीवाल एक चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। उनकी कानूनी टीम और अन्य सलाहकारों ने गलत सलाह दी। केजरीवाल को ईडी के 9 समन्स को खारिज नहीं करना चाहिए था। अब जो कानूनी निष्कर्ष सामने हैं, वे उच्च न्यायालय के हैं। किसी के खोखले आरोप नहीं हैं। नौबत यहां तक पहुंच चुकी है कि यदि 'आप' का भ्रष्टाचार भी साबित हो गया और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल का अपराध भी साबित हो गया, तो चुनाव आयोग 'आप' की मान्यता भी रद्द कर सकता है। 'आप' के प्रवक्ताओं को शरत रेड्डी और 60 करोड़ रुपए के चुनावी चंदे और भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल कर आरोपितों के पाक-साफ होने सरीखे तर्कों के अलावा कुछ और भी ठोस तर्क देने होंगे। एक चोर दूसरे चोर पर उंगली उठाते हुए यह दलील नहीं दे सकता कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? यदि 'आप' की दलीलों में दम है, तो वह भाजपा में शामिल होने वाले 'चोरों' के खिलाफ अलग से शीर्ष अदालत में जा सकती है। फिलहाल केजरीवाल और उनके साथी शराब घोटाले में आरोपित होकर जेल में हैं। पीएमएलए मामलों में जमानत भी आसान नहीं होती। केजरीवाल के प्रति सामाजिक, सार्वजनिक मोहभंग भी अब सामने आने लगेगा। वह राजनीतिक शुचिता और नैतिकता को जरूर याद करें, जिनका शोर मचाते हुए उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया था। वैसे अभी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार भी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मैंने आपकी कृपा से श्री रामचंद्रजी के पवित्र गुण समूहों को सुना और शांति प्राप्त की। हे प्रभो! अब मैं आपसे एक बात और पूछता हूँ। हे कृपासागर! मुझे समझाकर कहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कहहिं संत मुनि बेद पुराना। नहिं कछु दुर्लभ ग्यान समाना॥**
**सोइ मुनि तुम्ह सन कहेउ गोसाईं। नहिं आदरेहु भगति की नाईं॥**

संत मुनि, वेद और पुराण यह कहते हैं कि ज्ञान के समान दुर्लभ कुछ भी नहीं है। हे गोसाईं! वही ज्ञान मुनि ने आपसे कहा, परंतु आपने भक्ति के समान उसका आदर नहीं किया॥

**ग्यानहि भगतिहि अंतर केता। सकल कहहु प्रभु कृपा निकेता॥**
**सुनि उरगारि बचन सुख माना। सादर बोलेउ काग सुजाना॥**

हे कृपा के धाम! हे प्रभो! ज्ञान और भक्ति में कितना अंतर है? यह सब मुझसे कहिए। गरुड़जी के वचन सुनकर सुजान काकभुशुण्डिजी ने सुख माना और आदर के साथ कहा- ॥

**भगतिहि ग्यानहि नहिं कछु भेदा। उभय हरहिं भव संभव खेदा॥**
**नाथ मुनीस कहहिं कछु अंतर। सावधान सोउ सुनु बिहंगबर॥**

भक्ति और ज्ञान में कुछ भी भेद नहीं है। दोनों ही संसार से उत्पन्न क्लेशों को हर लेते हैं। हे नाथ! मुनीश्वर इनमें कुछ अंतर बतलाते हैं। हे पक्षीश्रेष्ठ! उसे सावधान होकर सुनिए॥

**ग्यान बिराग जोग बिग्याना। ए सब पुरुष सुनहु हरिजाना॥**
**पुरुष प्रताप प्रबल सब भाँती। अबला अबल सहज जड़ जाती॥**

बहे हरि वाहन! सुनिए, ज्ञान, वैराग्य, योग, विज्ञान- ये सब पुरुष हैं। पुरुष का प्रताप सब प्रकार से प्रबल होता है। अबला (माया) स्वाभाविक ही निर्बल और जाति (जन्म) से ही जड़ (मूर्ख) होती है॥

**दो0- पुरुष त्यागि सक नारिहि जो बिरक्त मति धीर।**
**न तु कामी बिषयाबस बिमुख जो पद रघुबीर॥**


परंतु जो वैराग्यवान और धीरबुद्धि पुरुष हैं वही स्त्री को त्याग सकते हैं, न कि वे कामी पुरुष, जो विषयों के वश में हैं (उनके गुलाम हैं) और श्री रघुवीर के चरणों से विमुख हैं॥

(क्रमशः....)

### -: बिजनौर लोकसभा सीट :-

# त्रिकोणीय मुकाबले ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कनें

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला बिजनौर अपने भीतर काफी पुरानी विरासत सजोये हुए हैं। बिजनौर आर्य जगत के प्रकाश स्तंभ स्वामी श्रद्धानंद, वैज्ञानिक डॉ. आत्माराम और भारत के पहले इंजीनियर राजा ज्वाला प्रसाद जैसे विभूतियों की जन्मस्थली है। साहित्य के क्षेत्र में बिजनौर ने कई महत्वपूर्ण मानक स्थापित किये हैं। कालिदास ने यहां बहने वाली मालिनी नदी को अपने नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का आधार बनाया। उर्दू साहित्य में भी बिजनौर जिला गौरवशाली स्थान रखता है। बात राजनीति की कि जाये तो यहां से कई बड़े नेता चुनाव लड़े और जीते। बिजनौर लोकसभा सीट का चुनाव हमेशा रोमांचक रहता है। बिजनौर लोकसभा सीट पर इस बार सियासी समीकरण काफी बदले हुए हैं। यह वही सीट है जिससे बसपा सुप्रीमो मायावती और कांग्रेस की मीरा कुमार पहली बार संसद पहुंचीं। यह वही सीट है, जिस पर मायावती, रामविलास पासवान और जयाप्रदा को हार का स्वाद चखना पड़ा था। इस सीट पर लोकसभा चुनाव पर पांच बार कांग्रेस को तो चार बार भाजपा का कब्जा रहा। रालोद ने दो बार व सपा तथा बसपा ने एक-एक बार इस सीट पर परचम लहराया।



*2019 में बिजनौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकदल, समाजवादी पार्टी और बसपा का संयुक्त प्रत्याशी मैदान में था तो बीजेपी और कांग्रेस अलग-अलग ताल ठोक रही थीं, 2019 के चुनाव में इस सीट पर बसपा के मलूक नागर ने 5,56,556 वोटों से जीत हासिल की।*

देश में 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1971 तक यह सीट कांग्रेस के पास ही रही। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 में जनता दल ने इस सीट पर जीत हासिल की। 1989 में बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने इस सीट से जीत हासिल की। उसके बाद 2014 तक इस सीट पर हुए आठ चुनावों में चार बार भारतीय जनता पार्टी, दो बार राष्ट्रीय लोकदल और एक-एक बार समाजवादी पार्टी और बीएसपी ने जीत हासिल की। 2011 की जनगणना के अनुसार, बिजनौर की आबादी लगभग 36 लाख थी। जनगणना के अनुसार, बिजनौर में 55.18 फीसदी हिंदू और 44.04 फीसदी मुस्लिम रहते हैं। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें शामिल हैं। ये सीटें हैं पुरकाजी, मीरापुर, बिजनौर, चांदपुर और हस्तिनापुर। वर्ष 1985 में हुआ उपचुनाव सबसे अधिक यादगार रहा, जिसमें तीन दिग्गज मैदान में उतरे। इसी चुनाव में कांग्रेस की मीरा कुमार पहली बार यहां से सांसद चुनी गईं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ीं और वह तीसरे नंबर पर रहीं थीं। 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती का सितारा बुलंद हुआ। वह जीतीं और पहली बार लोकसभा पहुंचीं। वर्ष 1991 में फिर से मायावती को हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के मंगलराम प्रेमी ने उन्हें पराजित किया।

2019 में जहां यहां से राष्ट्रीय लोकदल, समाजवादी पार्टी और बसपा का संयुक्त प्रत्याशी मैदान में था तो बीजेपी और कांग्रेस अलग-अलग ताल ठोक रही थीं, 2019 के चुनाव में इस सीट पर बसपा के मलूक नागर ने 5,56,556 वोटों से जीत हासिल की। बीजेपी के भारतेंद्र सिंह 4,86,362 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे। जबकि 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेंद्र सिंह ने 486,913 वोट प्राप्त करके यह सीट जीती, जो वोट शेयर का लगभग 45.9 प्रतिशत था। तब समाजवादी पार्टी के शाहनवाज राणा 281,136 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे. लेकिन इस बार रालोद-बीजेपी तो कांग्रेस और सपा के बीच राजनैतिक गठबंधन हुआ है। बसपा अकेले चुनाव लड़ रही है। बिजनौर सीट एक हॉट सीट रही है। बसपा प्रमुख मायावती यहीं से पहली बार चुनाव जीता, लोकसभा पहुंचीं थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी उम्मीदवार मूलक नागर की जीत हुई थी, इस चुनाव में बीएसपी ने उनका टिकट काट लिया है उनकी जगह हाल ही में आरएलडी छोड़कर बीएसपी में शामिल हुए विजेंद्र सिंह को टिकट दिया है।

बसपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह ने कहा कि हम आरोप प्रत्यारोप की राजनीति पर विश्वास नहीं करते, ना ही हम बदले की राजनीति में विश्वास करते हैं। युवाओं को हम हिंदू मुस्लिम की राजनीति में नहीं झोंकना चाहते। हमारे बुजुर्ग कहते थे- तू हिंदू ना बनेगा ना मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा। वहीं सपा प्रत्याशी दीपक सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का शुक्रिया, बात रही टिकट काटने की, उनका फ़ैसला है। उनका सम्मान करता हूं। सपा प्रत्याशी दीपक सैनी के पिता समाजवादी पार्टी के मौजूदा विधायक हैं। हमने उनसे पूछा कि बीजेपी परिवारवाद पर चोट करती है, आप खुद विधायक पुत्र हैं और सांसदी का टिकट मिल गया। पिताजी विधायक हैं इसका मतलब ये नहीं की हम में क़ाबिलियत नहीं हैं, काबिल हैं। पिछड़े वर्ग से आते है। लगातार पिछड़े वर्ग में काम करते हैं। युवाओं की आवाज़ उठाने का मौक़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने दिया है।

आरएलडी-बीजेपी गठबंधन के तहत आरएलडी के खाते गई बिजनौर सीट पर जयंत चौधरी ने चंदन चौहान पर भरोसा जताया है। जमीन पर आरएलडी और बीजेपी के कैडर मिलकर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, पोस्टर से लेकर नारों तक दोनों पार्टियां एकजुट होकर मैदान में डटी हुई हैं। आरएलडी उम्मीदवार चंदन चौहान कहते हैं कि जनता के वही मुद्दे हैं। विकसित भारत में क्या भूमिका बिजनौर की रहेगी, क्या भूमिका यूपी में रहेगी। आने वाले समय में बेहतर बदलाव और शांति सुरक्षा के साथ पूरा यूपी तरक़्क़ी करे ये भूमिका सुनिश्चित करेंगे। चौधरी चरण सिंह का गुलदस्ता जो पूरे पश्चिमी यूपी नहीं देश के अंदर, तरक्क़ी कर रहा है. 36 बिरादरी हर धर्म, जाति के लोग अपना समर्थन इस गठबंधन को दे रहे हैं।

## आभूषण हैं उनके दाग (व्यंग्य)

चुनाव की दलदल शुरू हो जाए तो पता चलता है कि दाग माननीयों का आभूषण होते हैं। माननीय वही हो सकते हैं जिन पर दाग होते हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि उनके लिए फैक्ट्री का काम करती है जहां नए आभूषण बनते रहते हैं और उनका खजाना बढ़ता जाता है। ताज़ा विश्लेषण के अनुसार समझदार, जनता के नाम पर बने दल के सौ प्रतिशत प्रत्याशी रंग बिरंगे दागी है। उनके दागों में हत्या और दुष्कर्म जैसे नामवर काम शामिल हैं। भड़काऊ भाषण तो मानो कहीं भी लगने वाला छोटा धब्बा है।

माननीयों को दागी कह देना आसान होता है लेकिन उन्हें कानूनन दागी घोषित करवाना, बहुत ज़्यादा मुश्किल, समयखपाऊ अनेक बार तो असंभव होता है। इतिहासजी में दर्ज है कि हमारे माननीयों ने जब भी दाग लगाऊ भाषा का प्रयोग किया, उनके चहेतों ने अविलंब उनकी भाषा को हाथों हाथ लिया। गहरे रंग के दागों वाली इस भाषा के चाहने वाले बढ़ते जा रहे हैं तभी तो माननीय अपनी कुर्सी का कद बढ़ता देख रीझकर कहते हैं, 'हम कोई छोटे मोटे आदमी नहीं हैं'।

हर नया दाग उन्हें कुछ भी करवा सकने की प्रेरणा देता है। इंसानियत के ये रहनुमा, वक़्त को जेब में लेकर चलते हैं। आजीवन कारावास के मुकद्दमे परेशान, बीमार पड़े रहते हैं और माननीय, शान से इनका महंगा इलाज करते रहते हैं। पुराने दाग तो इनके ब्यूटी स्पॉट होते जाते हैं। इनके दागी प्रयासों के सामने तो बेहद संजीदा आरोप भी हिम्मत हार जाते हैं। आरोप पत्रों को यह अदालत के अहाते में दाखिला भी लेने नहीं देते। उनका दाग बनना तो दूर की कौड़ी हो जाता है। ज्यादा भद्दे दागों को सुंदर माने जाने के सफल प्रयास किए जाते हैं। माननीयों के दाग धोने और अदृश्य करने के लिए बेहतर, महंगा, स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचाने वाला सुकर्म किया जाता है और दाग पवित्र होते जाते हैं। उन्हें जनसेवा से कहां फुर्सत मिलती है तभी मानते हैं कि ऐसे दाग तो आभूषण होते हैं।

दाग लगने के बाद भी माननीय बने रहना हर किसी के भाग्य में कहां होता है। माननीय बनना वास्तव में आसान काम नहीं होता। एक बार माननीय बन जाने के बाद वे सब कुछ अपने संज्ञान में समझकर, किसी को भी न बख़्शते हुए, आवश्यक कार्रवाई करते हुए सख्त सज़ा दिलवाने के आदेश देते हैं। होनी धन्य हो उठती है। आम आदमी की पसंदीदा टीशर्ट पर, दाग लगते लगते रह जाए तो वह परेशान हो ज़ोर से गाने लगता है, कहीं दाग न लग जाए, कहीं और दाग न लग जाए लेकिन माननीयों के दाग अच्छे किस्म के दाग होते हैं तभी तो ज़्यादा दाग वाले माननीय समाज, धर्म और राजनीति में ऊंचा ओहदा पाते हैं और मन ही मन गुनगुनाते रहते हैं, एक दाग बढ़िया सा और लग जाए तो अच्छा।

**- संतोष उत्सुक**

## बेवफा की वफादारी

जमाना बेवफाओं के वफादार घोषित हो जाने का है। जिन लोगों ने दिन-दहाड़े आपके सपने चुरा कर उन्हें दु:स्वप्न बना दिया, वही अब सपनों का एक नया बायस्कोप बना कर निकले हैं, आपके गांव-गांव, गली-गली, अन्धभक्ति का कोई श्रद्धा गीत गाते हुए। मंशा अपने वोटों की सहायता से महानुभावों को फिर उसी कुर्सी पर बिठा देने की है, जो कभी पहले सिंहासन थी, आजकल जनसेवा का स्टूल कहलाती है। हमारी गलियों में जब बिजली कट अपनी तेजी दिखाते हैं, पावर कट अपना जुल्म दिखाते हैं, तो अपनी विजय घोषणाओं में सेंध लगती देख कर चौकीदार बने चोर अब 'जागते रहो' चिल्लाते हैं। भई, दल बदलुओं का जमाना है, कब कोई सेंधमार स्वांग बदल कर साधुवेष धारण कर आपको श्रद्धा से विनत होने के लिए कह दे कि बोलो भक्तो, ऊंचे स्वर में चिल्लाओ, 'जय-जय'। अगर कोई हमसे पूछने के लिए चला आए, यह किसकी जय-जय है, तो कह दो, तुम्हारी भी जय-जय और हमारी भी जय-जय। न पूछना किसी से कि जब आपके थर्मल प्लांटों के पुर्जे चार माह पहले बिगड़ गए थे, तो उसकी मरम्मत की ओर तब ध्यान क्यों नहीं दिया गया? 'दिया है, दिया है, बन्धु। मरम्मत के लिए स्वीकृति फाईल पर हाजिर है। बस अभी उसे निपटाने की बारी नहीं आई थी, कि यह कम्बख्त मानसून धोखा दे गया। भला यह कह के आदाब हैं कि जब आपको बरसना हो, तब तो बरसे नहीं, और अब बेमौसम बरसात करके जलथल पैदा कर दो।'


इससे वही बात हुई न, पिछली बार अपने चुनाव एजेंडे में हमारी अभागी धरती स्वर्ग लोक का वायदा किया था, फिर इसी स्थगित मानसून की तरह हमारी गलियों का रास्ता ही भूल गया। और अब जब चुनाव दुंदुभि बजे तो स्थगित मानसून के याद कर लेने की तरह हमारी गलियों में महानुभाव प्रगट हो गए, लो हमारे आंकड़े देख लो कि हमने तो अपने एजेंडे के पचासी प्रतिशत वायदे पूरे कर दिए। शेष पावर कट भगाने वाली इस लेट-लतीफी बारिश की वजह से रुके, अभी दूर कर देंगे। हमने सुना और प्रशंसा में तालियां बजा दीं, कैसे कह देते कि जनाब इस रास्ता भूली बारिश से कुछ नहीं होगा, जब तक कि इन लगातार बिगड़ते हुए थर्मल प्लांटों की स्थाई मरम्मत नहीं होती। उनको जुर्माना लगाने से क्या होगा, क्योंकि उससे अधिक बड़ा जुर्माना तो उद्योगों को इस लम्बी-चौड़ी पावर कट से लगा गया। उनका लाभ घाटे में बदल गया, तो निठ्ठला हो सडक़ पर कामगार आया। नहीं, नहीं हमें सडक़छाप लोगों की बड़ी फिक्र है। आपके वोट डालने की तिथि से पहले सब वायदे पूरे हो जाएंगे। कसम आपके कल्याण की। बेशक भाषण में वायदों के पूरे होने की यह घोषणा बड़ी अच्छी लगती है। जैसे पार साल आपने कहा था, 'घर-घर रोजगार, अब नहीं रहेगा कोई बेकाम, बेरोजगार।' मजे की बात के इस वचन का उद्घोष उन बेकारों की भीड़ ने ही किया था, जो ठेके पर नारा लगाने का रोजगार पाकर आए थे। अब उसी रोजगार के बंटने के दिन फिर आ गए।


फिर दिहाड़ियों पर लगिए और विजय घोष कीजिए। महाकवि तो ठेले पर हिमालय लाद कर लाए थे, आपने तो ठेकों पर वायदों की पूर्ति की घोषणाएं लाद दीं, जय परिवर्तन के महाप्रभु। बन्धु, ठेके की इस कसौटी पर दमघोटू महंगाई का दाहकर्म कर देने का विजयघोष रखा जा सकता है। पहले तो क्रिकेट में ही खिलाड़ियों के शतक लगाने की घोषणाओं पर तालियां बजती थीं, अब तो ये पैट्रोल उत्पाद भी राज्य दर राज्य शतक लगाने लगे। चन्द सालों पहले कुछ नौजवान समूह स्वरोजगार की पताकाएं लहराते हुए हमारी सडक़ों पर भी निकले थे। उनका इरादा जगह-जगह पकौड़े तल कर बेकारी उन्मूलन और खाली हाथों को काम देने का था। फिर कम्बख्त यह तेल ही इतना महंगा हो गया कि अब दो सौ रुपए की छत से नीचे उतरने के लिए तैयार नहीं। पकौड़े कैसे तले जाएं बंधु?


**-सुरेश सेठ**


## राशिफल


चैत्र कृष्ण पक्ष : चतुर्थी | (विक्रम संवत् 2081)


**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य पहले से काफी बेहतर है। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम है।


**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ऊर्जावान बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी अच्छा है। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा आपको। थोड़ा सा महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। अपनों का साथ होगा। पिता का साथ होगा।


**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम है लेकिन।


**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य में ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी बढ़-चढ़कर आपके लिए कुछ करेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु पारस्त होंगे। कार्यों में विघ्न-बाधा आएगी लेकिन चलने लगेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। भावुक बने रहेंगे। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा। व्यापार अच्छा रहेगा।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा लेकिन गृह-कलह भी संभव है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

# भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा कार्यालय गौतमबुद्धनगर में एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा विशेष-समूह संपर्क के अंतर्गत भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी की अध्यक्षता में एनजीओ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही दीक्षा गंगवार (भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा) ने कहा कि अबकी बार 400 पार एक बार फिर मोदी सरकार बने उसके लिये महिलाओं की विशेष ज़िम्मेवारी है। मोदी ने महिलाओं के नाम से अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ देने का काम कर रहे है।

जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि मोदी ने संसद में 33 प्रतिशत के लिये नारी शक्ति अधिनियम के तहत कोटा देने का ऐतिहासिक कार्यालय और मुस्लिम बहनों को तीन तलाक़ से छुटकारा देने का बड़े कार्य किया हम सबको मिलकर भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा को यहाँ से दस लाख वोटों से जिताना है। उसके लिये बहने घर घर जाकर प्रचार करें इस अवसर पर मुख्यरूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, लोकसभा प्रभारी विजया बहन और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रजनी तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही। एनजीओ के विषय में मार्गदर्शन हेतु डॉ. अविनाश त्रिपाठी बतौर वक्ता उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में अपने लोकप्रिय लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए अपील की।






शहदरा के सेक्टर-142 में भाकियू ( बलराज ) का धरना आज भी जारी रहा।

# राधास्वामी संगठन का कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न, 35 सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर 22 स्थित जे ब्लाक के समुदाय भवन में राधास्वामी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में विभिन्न जगह से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा अपने अपने विचार रखें।

इस अवसर पर जितने भी कार्यकर्ता समर्पण एवं निष्ठा भाव से कार्यकर रहे हैं और जितने भी कार्यकर्ता कार अचीवर्स बने है, उन्हे राधास्वामी संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया तथा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में उन सभी कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष की तरफ से कार प्रदान की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा ने संगठन के कार्य व गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह संगठन एक सामाजिक संगठन है। यह समाज के सभी समुदाय के लोगों के लिए घर बनाने, किराना सामान उपलब्ध कराने, बच्चों की शिक्षा व बहन व बेटियों की शादी में आर्थिक मदद करती है।



उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य है कि बेटी बहन की शादी में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो व परिवार खुशी खुशी अपनी बहन बेटी की शादी संपन्न कर सके। उन्होंने कहा कि संगठन इस प्रकार के सहयोगात्मक कार्य करती रहेगी ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इस अवसर पर राधास्वामी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील कुमार, पूर्वी गाजियाबाद की जिला प्रभारी किरण प्रजापति, सूर्यदेव प्रजापति, सत्येन्द्र सिंह, वरुण राधव, महेन्द्र प्रजापति एवं रामपुर उत्तर प्रदेश के जिला प्रभारी जुबेर सहित संगठन के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।





कल ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देते सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अक्षय चौधरी एवं अन्य लोग।

# एमिटी में लगेगा आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर

## संस्कारित युवा ही राष्ट्र का भविष्य : अनिल आर्य

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आर्य समाज अरुण विहार सेक्टर-29 व आर्य समाज, सेक्टर-33 नोएडा में सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि संस्कारित युवा ही राष्ट्र का उज्जवल भविष्य है। आज युवाओ में देश भक्ति की भावना भरने की आवश्यकता है साथ ही वह माता-पिता के आज्ञाकारी और ईश्वर भक्त भी बने, इसलिए आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश में 'विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' शनिवार, 1 जून से रविवार,9 जून 2024 तक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में शिक्षाविद डॉ.अमिता चौहान व डॉ.अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि कक्षा 6 से 12 वीं तक के 250 युवक शिविर में लिये जायेंगे। शिविर संरक्षक आनंद चौहान ने कहा कि प्रतिदिन उच्च कोटि के वैदिक विद्वान बौधिक प्रदान करेंगे जिससे वह अपनी पुरातन वैदिक संस्कृति से परिचित हो सकें।





राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि युवकों को योगासन, दण्ड बैठक, लाठी, स्तूप, बाक्सिंग, लेजियम, जूडो कराटे आदि आत्मरक्षा शिक्षण दिया जाएगा। अमर बलिदानी महाशय राजपाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनिल आर्य ने उन्हें आंतकवाद का प्रथम शिकार बताया। सभा का संचालन मेजर जनरल मुक्ति कांत महापात्र व गायत्री मीना ने किया। इस मौके पर कैप्टन अशोक गुलाटी,मेजर जनरल आर के एस भाटिया,कर्नल अमरीश त्यागी, राम लुभाया महाजन,अजेंन्द्र शास्त्री,अवधेश प्रताप सिंह, रोहित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सार्वजनिक सूचना

आमजन को सूचित किया जाता है कि रसूलपुर नवादा सेक्टर-62 नोएडा निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय भीष्म सिंह की उपचार के दौरान नोएडा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल गांव मामूरा में 22 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक की माता ने ग्राम प्रधान को पांच लोगों का हस्ताक्षर किया एक झूठा हलफनामा देकर पत्र लिखवा लिया कि मृतक सुरेंद्र यादव अविवाहित है। बाद में ग्राम प्रधान को पता चला कि मृतक सुरेंद्र यादव विवाहित था तथा उसकी पत्नी का नाम प्रतिमा है। यह सब संज्ञान में आने के बाद ग्राम प्रधान ने नोएडा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद गौतमबुधनगर एवं जिलाधिकारी गौतमबुधनगर को पत्र दिया। सभी से मांग है कि पूर्व ग्राम प्रधान गुड्डी शर्मा पूर्व में दिये गये लेटर को निरस्त करती है। भविष्य में हमारे लेटर का उपयोग अमान्य माना जाए।

**श्रीमती गुडडी शर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- छजारसी**
**हजरतपुर-वाजिदपुर-रसूलपुर- नवादा**
**सेक्टर-63, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर।**







## पृष्ठ एक के शेष....

**जम्मू-कश्मीर को**

गिरा दिया है। इतना ही नहीं उसके मलबे को भी जमीन में गाड़ दिया है। मोदी की गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने 370 को लेकर कांग्रेस को चुनौती भी दी। पीएम ने कहा कि 370 को लेकर लोगों को भ्रमित किया गया था। अब यह भ्रम टूट गया है।

मोदी ने कहा, अब देखिए यहां उनकी नहीं चली, जम्मू-कश्मीर के लोग उनको पहचान गए। ये कहते हैं 370 से हटने का कोई लाभ नहीं हुआ। 370 हटने से क्या लाभ हुआ है, ये यहां की बहन-बेटियों से पूछे। अब यहां हर किसी को संविधान में मिले अधिकार मिलने लगे हैं। अब हमारे सेना के जवानों के परिवारों को भी चिंता नहीं होती कि घाटी में पत्थरबाजी हो रही है। अब घाटी के लोग भी चैन से सोते हैं, क्योंकि उनका गलत संगत में नहीं जा रहा है। अब यहां एम्स बन रहे हैं, विश्व स्तरीय सड़कें, आईआईटी बन रहे हैं, आईआईएम बन रहे हैं। आधुनिक टनल बन रहे हैं।

पीएम ने कहा, मैं उधमपुर पिछले कई दशकों से आ रहा हूं। जम्मू-कश्मीर की धरती पर मेरा आना जाना पिछले 5 दशक से चल रहा है। मुझे याद है 1992 में एकता यात्रा के दौरान यहां आपने भव्य स्वागत और सम्मान किया था। आप भी जानते हैं कि तब हमारा मिशन लाल चौक पर तिरंगा फहराने का था, तब यहां माताओं-बहनों ने बहुत आशीर्वाद दिया था

2014 में आपको गारंटी दी थी। जम्मू कश्मीर ने जो कुछ सहा है उससे मुक्ति दिलाऊंगा। आज के आशीर्वाद से मोदी ने वो गांरटी पूरी कर दी है। दशक के बाद यह पहला चुनाव है। जब आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, बंद, हड़ताल, सीमा पार से गोलीबारी यह चुनाव के मुद्दे ही नहीं है।

पीएम मोदी की जनसभा में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा, %पहले उधमपुर में दोपहर तीन बजे के बाद ही श्रीनगर को जाने वाली सड़क बंद कर दी जाती थी। अब रात के तीन बजे तक भी यह सड़क मार्ग खुला रहता है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के कार्यकाल में सड़क, स्कूल, अस्पताल, बिजली पानी की सुविधा लोगों को मिल रही है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**सरकार गिराने व...**

को हरा नहीं सकते। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं, दिल्ली के लोग आप को पसंद करते हैं और दिल्ली के लोग भाजपा की हरसंभव कोशिश के बाद आप को ही वोट देते हैं। ये (भाजपा) दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराया जाए।

आप मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक षडयंत्र तैयार किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। दिल्ली में पिछले कई दिनों से किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। दिल्ली में कई विभाग खाली हैं। एलजी साहब पिछले एक हफ्ते से MHA को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिख रहे हैं। एक 20 साल पुराने केस को उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। ये सब बताता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश हो रही है।

**ठेकेदार को जान...**

उनकी कंपनी द्वारा साइटों पर निर्माण कार्य कराया जाता है। यमुना सिटी में उत्तर प्रदेश ग्रीनवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आवासीय कॉलोनी बनाई जा रही है। इस कॉलोनी के निर्माण का ठेका उनकी कंपनी को दिया गया है।

प्रदीप कुमार शुक्ला के मुताबिक 8 मार्च को वह साइट पर निर्माण कार्य कर रहा था। इस दौरान सैफुल्लाह व उसके दो साथी मौके पर पहुंचे और उन्होंने निर्माण कार्य बंद करने को कहा उसने जब इसका कारण पूछा तो आरोपियों ने कहा कि अगर उसे अपनी और अपने बच्चों की जान प्यारी है तो वह कॉन्ट्रैक्ट छोड़कर चला जाए नहीं तो उसे जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने 15 दिन के भीतर अंजाम भुगताने की धमकी दी और मौके से चले गए। उसने जब आरोपियों के बारे में जानकारी की तो पता चला कि सैफुल्लाह भी ठेकेदारी का काम करता है। प्रदीप कुमार शुक्ला के मुताबिक 6 अप्रैल को सैफुल्लाह ने फोन कर गाली गलौज करते हुए उन्हें धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि सैफुल्लाह की धमकी की वजह से वह साइट पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और उनकी तलाश कर रही है।

**बेटे का एक्सीडेंट...**

फीस के रूप में 200000 रूपये ट्रांसफर करने को कहा। अमेरिका में बेटे को मुसीबत में घिरा देखकर उन्होंने तुरंत 2 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे की कुशलता जानने के लिए उसके दोस्त को फोन किया तो पता चला कि उनके बेटे का कोई एक्सीडेंट नहीं हुआ था और वह ठीक-ठाक है। बाद में उन्हें पता चला कि उनके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर खाना सेक्टर-20 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है। इस मामले में पुलिस साइबर सेल की भी मदद ले रही है।

**घर से लापता...**

उन्होंने अपने बेटी की तलाश की तो पता चला कि कुछ लोगों ने उसे पास के बाजार में घूमते हुए देखा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

**दो वेल्डिंग...**

की सुबह जब वह सोकर उठा तो उसके कमरे में रखा लैपटॉप गायब था। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

**शराब की अवैध...**

बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह अवैध शराब की बिक्री कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

थाना जेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सरकारी अस्पताल के पास से बबलू पुत्र घनश्याम निवासी मोहल्ला चामडवाला जेवर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 50 लीटर देसी शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**प्रेमिका के पति...**

उर्फ रंजीत को लग गई। साजिश के तहत राजू उर्फ रंजीत ने मुकेश दिवाकर को शराब पीने के बहाने बुलाया। इस दौरान उसने मुकेश दिवाकर को जमकर शराब पिला दी। मुकेश दिवाकर को शराब का नशा अधिक होने पर राजू उसे सेक्टर-71 के खाली ग्राउंड में ले गया जहां पर उसने मुकेश दिवाकर का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान मुकेश दिवाकर ने विरोध करने का प्रयास किया लेकिन शराब के अधिक नशे में होने के कारण वह राजू का ज्यादा विरोध नहीं कर पाया।

मुकेश दिवाकर को मौत के घाट उतारने के बाद राजू अपने घर चला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में राजू उर्फ रंजीत ने मुकेश दिवाकर की हत्या करने का जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**अमित शाह की रैली...**

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, पश्चिमी उप्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, क्लस्टर प्रभारी व प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, नोएडा प्रभारी मीनाक्षी बराला, जनपद तथा नोएडा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**घर में घुसकर...**

पत्नी व मां ने जब नितिन को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान काजल, सुषमा भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने नितिन को आरोपियों को चंगुल से बचाने का प्रयास किया। आरोपियों ने महिलाओं के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और उनके कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले को शांत कराया। लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कमल सिंह के मुताबिक मारपीट की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## खास खबर

### आईआईटी मद्रास एनपीटीईएल भारत की कई स्थानीय भाषाओं में हजारों टेक्निकल कोर्सों का अनुवाद करता है

**चेन्नई, , एजेंसी।** आईआईटी मद्रास एनपीटीईएल ने 207 टेक्निकल कोर्सों का हिन्दी भाषा में अनुवाद किया है। इनमें 'इंट्रोडक्शन टू इंटरनेट ऑफ थिंग्स' जैसे कोर्स भी हैं जिनकी काफी मांग है। अनुवाद सटीक और गुणवत्तापूर्ण हो यह सुनिश्चित करने के लिए, एनपीटीईएल की टीम में 1,029 हिन्दी अनुवादक और 139 गुणवत्ता नियंत्रक (क्यूसी) हैं। इसके अतिरिक्त एनपीटीईएल ने अपनी वेबसाइट पर हिन्दी में 199 ई-पुस्तकें प्रसारित कर भाषा विशेष में शिक्षा सामग्रियों को सर्वसुलभ बना दिया है। इतना ही नहीं, आज हिन्दी में 1,200 घंटों की वीडियो सामग्री की ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिससे हिन्दी भाषी लोगों को सीखने का बेहतर अनुभव मिल रहा है। एनपीटीईएल ने प्रमुख विषयों की प्राथमिकता तय की है। इनमें कंप्यूटर विज्ञान (35 कोर्स), समाज विज्ञान (32 कोर्स) और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (29 कोर्स) शामिल हैं। एनपीटीईएल कोर्स करने वाले लोगों से उनकी राय भी लेता है। इनमें 'द जॉय ऑफ कंप्यूटिंग यूजिंग पायथन' जैसे अनुवादों के प्रति लोगों की बहुत सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं।
अनुवाद कार्य बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। 'इंट्रोडक्शन टू मशीन लर्निंग' जैसे कोर्सों का मशीन लर्निंग टूल्स से हिन्दी में अनुवाद किया जा रहा है। सीखना सुलभ बनाने के लिए वॉयसओवर का भी लाभ लिया जा रहा है। एनपीटीईएल ने असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु समेत 11 भाषाओं में इन कोर्सों का अनुवाद किया है। इससे उन विद्यार्थियों को मदद मिलेगी जिनकी स्कूली शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में हुई और अब अंग्रेजी में टेक्निकल शिक्षा लेने के इच्छुक है।

### सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने एयर कंडीशनर रेंज लॉन्च की

#### सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने होम अप्लाइअन्स मार्केट पर कब्जा करके अब एयर कंडीशनर रेंज में कदम रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक गुड्स लैंडस्केप में एक उभरती कंज्यूमर ड्यूरेबल कंपनी सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड, एयर कंडीशनर रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए प्रसन्न है।
पिछले कुछ वर्षों में, सेलेकोर ने ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए मोबाइल, स्मार्ट

CELLECOR
EXPANDING POSSIBILITIES

टीवी, वॉशिंग मशीन, किचन अप्लाइअन्स, स्मार्ट वियरेबल्स और हेअरबल्स जैसे उत्पादों की एक डायवर्स रेंज प्रदान की है। कंपनी ने होम अप्लाइअन्स मार्केट पर कब्ज़ा कर लिया और अब एसी की उभरती मांग में मज़बूती से अपनी जड़ें जमा रहा है। व्यापक टेक सोल्यूशन पेश करने के प्रति सेलेकोर के डेडीकेशन ने हमें एयर कंडीशनर्स को अनावृत करने के लिए प्रेरित किया है। अपने लॉन्ग-टर्म बिज़नेस प्लान्स के एक भाग के रूप में, सेलेकोर ने होम अप्लाइअन्स सेक्टर में कदम रखा और इस क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव किया है। इस सफलता ने सेलेकोर को अपने उत्पाद की पेशकश का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है।

# नीता अंबानी ने खरीदी 12 करोड़ रुपये की रोल्स रॉयस कार

## *अंबानी परिवार के पास करीब 168 लग्जरी कारों का कलेक्शन*

### पिछले साल मुकेश अंबानी ने गिफ्ट की थी 10 करोड़ की कार



**नई दिल्ली:** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने 12 करोड़ रुपये की एक सुपर लग्जरी कार खरीदी है। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन के पास करीब 168 लग्जरी कारों का कलेक्शन है। इनमें मेबैक, फेरारी, बेंटले, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू कंपनी की कारें शामिल हैं। लेकिन अंबानी परिवार का रोल्स रॉयस के साथ खास लगाव है। अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का हाल में एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह 10 करोड़ रुपये की गाड़ी रोल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई के एक मॉल में शॉपिंग के लिए जा रहे थे। अब खबर आई है कि नीता अंबानी ने नई रोल्स रॉयस फैंटम की डिलीवरी ली है। पिंक कलर की इस गाड़ी को खासतौर पर नीता अंबानी के लिए डिजाइन किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत में रोल्स रॉयस की इस गाड़ी की कीमत 12 करोड़ रुपये है। नीता अंबानी ने जो गाड़ी खरीदी है, वह एक्सटेंडेड व्हील वर्जन है। इंटरनेट पर तेजी से इस गाड़ी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इसे खासतौर पर नीता अंबानी के लिए कस्टमाइज किया गया है। इसकी सीट पर एनएमए लिखा गया है जिसे नीता मुकेश अंबानी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस कार की सबसे बड़ी खासियत इसका रंग है। अमूमन रोल्स रॉयस की कारों का रंग काला और सफेद होता है लेकिन नीता अंबानी की कार को ऑर्किड वेलवेट इंटीरियर के साथ रोज क्वार्ट्ज पेंट स्कीम से सजाया गया है। कार के फ्रंट में रोल्स रॉयस के लोगो को गोल्डन कलर दिया गया है। इसमें 6.75 लीटर की क्षमता का ट्विन टर्बो 12 इंजन लगा है। जो 571 बीएचपी की दमदार पावर और 900 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है।

#### अंबानी का कार कलेक्शन

हाल में इस कार को मुंबई की सड़कों पर सुरक्षा गाड़ियों के काफिले के साथ देखा गया था। मुकेश अंबानी ने पिछले साल अपनी पत्नी को रोल्स रॉयस कलिनन ब्लैक बेज गिफ्ट की थी। भारत में इसकी कीमत 10 करोड़ रुपये है और यह भारत की सबसे महंगी गाड़ियों में से एक है। माना जा रहा है कि भारत में केवल तीन लोगों के पास यह गाड़ी है। इनमें मुकेश अंबानी, अभिनेता शाहरुख खान और हैदराबाद को कारोबारी नसीर खान शामिल हैं। मुकेश अंबानी के पास इसके अलावा बेंटले, लैंड रोवर रेंज रोवर, कैडिलेक, टेस्ला, पोर्श, फेरारी, मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, लेक्सस, वॉल्वो, टोयोटा समेत कई अन्य कंपनियों की लग्जरी गाड़ियां हैं। अंबानी फैमिली की सुरक्षा में टोयोटा फॉर्च्यूनर, मर्सिडीज बेंज जी-क्लास, लैंड रोवर डिस्कवरी, मर्सिडीज बेंज वी क्लास और एमजी ग्लॉस्टर के साथ ही टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस जैसी गाड़ियां हैं।

# तिकड़ी ने ऐसी जुगत लगाई, सिर्फ 5 साल और करोड़ों की बन गई कंपनी !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज की दुनिया में ऑडियो कंटेंट ने डिजिटल लैंडस्केप में तूफान मचाया हुआ है। इसमें पॉकेट एफएम ऑडियो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को नया आकार देने वाले प्रमुख प्लेटफॉर्म के तौर पर उभरा है। इसके जरिये ऑडियो स्टोरीटेलिंग का अनूठा प्रयोग किया गया है। इस प्लेटफॉर्म को रोहन नायक, निशांत केएस और प्रतीक दीक्षित की तिकड़ी ने 2018 में शुरू किया था। इसके बाद पॉकेट एफएम ने तेजी से अपने श्रोता जुटाए। अपनी शुरुआत से सिर्फ 5 साल में इसका रेवेन्यू 131 करोड़ रुपये हो गया।



#### हर किसी के लिए कंटेंट

पॉकेट एफएम के मिशन के मूल में दुनियाभर के लाखों श्रोताओं के जीवन को समृद्ध बनाने की महत्वाकांक्षा छुपी हुई है। प्लेटफॉर्म सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं से परे ऑडियो सीरीज की बड़ी श्रृंखला की पेशकश करता है। चाहे वह दिल दहला देने वाली थ्रिलर हो या दिल छू लेने वाला रोमांस या फिर रोंगटे खड़े कर देने वाला हॉरर, पॉकेट एफएम सुनिश्चित करता है कि हर किसी के लिए हमेशा कुछ न कुछ हो।

#### 1 लाख घंटे की लाइब्रेरी

पॉकेट एफएम के पास 1,00,000 घंटे से ज्यादा का कंटेंट है। यह लाइब्रेरी वाकई चौंकाती है। इसके कारण पॉकेट एफएम अपने यूजर के लिए एंटरटेनमेंट का अटूट स्रोत मुहैया करता है। संस्थापकों का दावा है कि श्रोता रोजाना प्लेटफॉर्म पर औसतन 110 मिनट बिताते हैं। वे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कहानियों में खो जाते हैं। पॉकेट एफएम की सफलता का श्रेय उसके वाइब्रेंट क्रिएटर ग्रुप को जाता है। इसमें कुशल कहानीकार, प्रतिभाशाली वॉयस-ओवर आर्टिस्ट और कल्पनाशील लेखक शामिल हैं। आपसी सहयोग का वातावरण सुनिश्चित करता है कि कहानियां प्रामाणिकता और गहराई के साथ जीवंत भी हों।

#### बड़े निवेश से मिली ताकत

पॉकेट एफएम की प्रभावशाली यात्रा को प्रमुख समर्थकों के कुल 10.95 करोड़ डॉलर के निवेश से बल मिला है। पॉकेट एफएम ने बहुत कम समय में अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज की है। यह प्लेटफॉर्म दुनियाभर के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

#### 131 करोड़ रुपये का रेवेन्यू

पॉकेट एफएम की ऑडियो सीरीज भाषा की बाधाओं को पार करती है। इससे यह अलग-अलग तरह के श्रोताओं के लिए सुलभ हो जाती है। प्रतिभाशाली क्रिएटर्स को अपना काम शोकेस करने के लिए यह प्लेटफॉर्म देता है। इसके जरिये पॉकेट एफएम ग्लोबल ऑडियो एंटरटेनमेंट लैंडस्केप में योगदान दे रहा है। इस भारतीय ऑडियो ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म का रेवेन्यू बढ़कर 131 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### भारतीय इंजीनियर की शिकायत पर कंपनी ने की नस्लवादी टिप्पणी

# गुस्साए लोग बोले- माफी मांगो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैकबुक एक्सेसरी से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने वाले एक भारतीय पर कनाडाई एक्सेसरीज ब्रांड डीब्रांड ने नस्लवादी टिप्पणी कर दी। अब डीब्रांड को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। नीदरलैंड में काम करने वाले पुणे के एक व्यक्ति भुवन चित्रांश ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शिकायत की कि डीब्रांड से खरीदी गई उनके मैकबुक स्किन का रंग खरीदने के केवल दो महीने के भीतर बदल गया। सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपने मैकबुक स्किन की एक तस्वीर साझा की और डीब्रांड के आधिकारिक अकाउंट को टैग करते हुए लिखा, कुछ महीने पहले यह स्किन खरीदी थी। दो महीने में ही इसका कलर चला गया, अब मुझे क्या करना चाहिए जवाब में, डीब्रांड ने ग्राहक के उपनाम का मजाक उड़ाते हुए प्रतिक्रिया दी, जिसकी अब आलोचना हो रही है। डीब्रांड ने लिखा आपका अंतिम नाम मूल रूप से बकवास है, गंभीर रहें। इस प्रतिक्रिया को नस्लवादी टिप्पणी बताते हुए एक्स पर लोगों ने नाराजगी जताई। कई उपयोगकर्ताओं ने इस प्रतिक्रिया पर अपनी निराशा व्यक्त की और कंपनी से माफी मांगने की मांग की। हालांकि, कंपनी ने इस पर कोई खेद नहीं जताया और इस पोस्ट को भी नहीं हटाया। इसे करीब 40 लाख बार देखा गया और इस पर 1,700 से अधिक टिप्पणियां की गईं। एक्स उपयोगकर्ता स्टीफन ने टिप्पणियों में लिखा, ग्राहक की सहायता करने के पहले, आप ग्राहक के विदेशी नाम का मजाक उड़ाते हैं। एक अन्य उपयोगकर्ता, डेनिज ने कहा, आपने यहां पूरी तरह से रेखा पार कर ली है, दोस्त, आप माफी भी नहीं मांग रहे। कंपनी ने कहा कि उसने मैकबुक स्किन से जुड़ी दिक्कत पर प्रतिक्रिया देने के बाद ग्राहक के नाम का मजाक उड़ाया। कंपनी ने लिखा, सुधारः हमने ग्राहक सहायता प्रदान करने बाद उसके नाम का मजाक उड़ाया। डीब्रांड ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, अधिकांश सतहों की तरह, गंदगी और जमी हुई गंदगी समय के साथ सतह पर जमा हो सकती है।



# रामदेव बाबा साल्वेंट लिमिटेड का आईपीओ 15 अप्रैल को खुलेगा

### इश्यू साइज 10 प्रत्येक के 59,13,600 इक्विटी शेयर्स तक

**मुंबई, एजेंसी।** रामदेव बाबा सॉल्वेंट लिमिटेड, नागपुर में मुख्यालय रखने वाली भौतिक रूप से रिफाइंड राइस ब्रांन आयल की निर्माता और वितरक ने 15 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर प्राइस बैंड पर 50.27 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग नई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित करने,हमारे बकाया कर्ज में से कुछ का पुर्ण या आंशिक पुनरभुगतान करने,कार्यशील पूंजी की जरूरत और आम कॉर्पोरेट खर्च का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 12 अप्रैल, 2024 को खुलेगी. इश्यू 15 अप्रैल, 2024 से खुलकर 18 अप्रैल, 2024 को बंद होगा.

**इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.**- रामदेवबाबा सॉल्वेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री नीलेश सुरेश मोहता, ने कहा, हम सहर्ष हमारे आगामी आईपीओ की घोषणा करते हैं,जो हमारी ग्रोथ यात्रा में एक उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है. यह निर्णय हमारी कंपनी की क्षमताओं और विस्तार के लिए नए सुअवसरों को सीज करने की हमारी प्रतिबद्धता में हमारे विश्वास को प्रदर्शित करता है. हमारी व्यूहात्मक रूप से स्थित मैन्युफैक्चरिंग सुविधा और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सख्त व्यवस्थापन बढ़ी विजिबिलिटी और बाजार उपस्थिति के लिए हमें बेहतर स्थिति में लाता है. नए अध्याय को लिखकर हम हमारे उद्योग में ग्रोथ एवं इनोवेशन हेतु सुअवसरों का दोहन करने के लिए तैयार हैं. यह आईपीओ ना सिर्फ हमारे कारपोरेट स्थिति को मजबूत करेगा बल्कि रामदेवबाबा सॉल्वेंट लिमिटेड ब्रांड की पहचान में भी इजाफा करेगा. इसके अलावा कर्ज का पुनरभुगतान करने से हमारी बैलेंसशीट भी बेहतर होगी. हम इस पहल से अनेक लाभ प्राप्त होने की उम्मीद कर रहे हैं और इससे कुल मिलाकर वैल्यू के साथ ही साथ हमारी पोजीशन में भी मजबूती आएगी. चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री रतिराज टिबरेवाल ने कहा, हम रामदेव बाबा सॉल्वेंट लिमिटेड के आगामी आईपीओ के बारे में हर्षित है. इस कंपनी ने राइस ब्रान ऑयल और उसके अप उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग से लेकर वितरण तक उसके विभिन्न ऑपरेशंस में प्रभावशाली लचीलापन और स्वीकार्यता प्रदर्शित की है. कंपनी व्यूहात्मक मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं और मुख्य बाजारों में मजबूत उपस्थिति के साथ भावी ग्रोथ के लिए बेहतर स्थिति में है. इनोवेशन और टिकाऊपन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता उसे आकर्षक निवेश सुअवसार बनती है. मेरा मानना है कि यह आईपीओ आशाजनक उम्मीद लाया है.

# एचडीएफसी बैंक ने लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में अपनी नई शाखा खोली

### केंद्र शासित प्रदेश में शाखा रखने वाला एकमात्र निजी क्षेत्र का एकमात्र बैंक

**कावारत्ती, लक्षद्वीप , एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के कावारत्ती द्वीप में अपनी एक नई शाखा खोली है। इस नई शाखा के साथ एचडीएफसी बैंक इस केंद्र शासित प्रदेश में




शाखा रखने वाला एकमात्र प्राइवेट बैंक बन गया है।

इस नई शाखा का उद्घाटन भारतीय नौसेना के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन लवकेश ठाकुर और जाने माने स्थानीय निवासी डॉ. केपी मुथुकोया ने किया। इस अवसर पर श्री एस संपतकुमार, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक और श्री संजीव कुमार, ब्रांच बैंकिंग हैड, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी और अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस शाखा का उद्देश्य पर्सनल बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने वाली सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करके केंद्र शासित प्रदेश में बैंकिंग के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना है, जिसमें रिटेल विक्रेताओं के लिए क्यूआर आधारित लेनदेन सहित कस्टमाइज्ड डिजिटल समाधान भी शामिल हैं। नई शाखा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री एस संपतकुमार, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक की शाखाएं कश्मीर के ठंडे इलाकों, कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे और अब लक्षद्वीप द्वीप में हैं। यह ग्राहकों को अत्यंत सुविधाजनक तरीके से, चाहे वे कहीं भी हों, सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम लक्षद्वीप में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने और उनकी वित्तीय यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार बनने और द्वीप के समग्र विकास में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

31 दिसंबर, 2023 तक, बैंक का वितरण नेटवर्क 3,872 शहरों/कस्बों में 8,091 शाखाओं और 20,688 एटीएम तक फैला था, जबकि 31 दिसंबर, 2022 तक 3,552 शहरों/कस्बों में 7,183 शाखाओं और 19,007 एटीएम का नेटवर्क था।

# सावधान : एनएसई के एमडी और सीईओ आशीषकुमार चौहान के फर्जी वीडियो हुए वायरल

### जिनमें वे स्टॉक की अनुशंसा कर रहे हैं, एनएसई के सभी आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल की जांच करें

**मुंबई एजेंसी।** हाल ही हमने ऐसा पाया है कि एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान के चेहरे/आवाज़ का उपयोग करके कुछ ऑडियो और वीडियो क्लिप बनाए गए हैं और इनमें एनएसई के लोगो एनएसई का इस्तेमाल भी किया गया है। टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए गलत तरीके से बनाए गए ऐस ऑडियो-वीडियो क्लिप में निवेश संबंधी सलाह दी गई है। ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करते हुए परिष्कृत तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए हैं। निवेशकों को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे ऑडियो और वीडियो पर विश्वास न करें और ऐसे फर्जी वीडियो या अन्य माध्यमों से आने वाले किसी भी निवेश या अन्य सलाह का पालन न करें। यह ध्यान दिया जाए कि एनएसई के कर्मचारी किसी भी स्टॉक की सिफारिश करने या उन शेयरों में सौदे करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, एनएसई इन प्लेटफार्मों से जहां भी संभव हो, इन आपत्तिजनक वीडियो को हटाने का अनुरोध करने का प्रयास कर रहा है। सभी से अनुरोध है कि एनएसई की ओर से भेजे गए संचार और सामग्री के स्रोत को सत्यापित करें और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल की जांच करें।

# सोनालीका ने वित्त वर्ष24 में अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाज़ार हिस्सेदारी 15.3 प्रतिशत दर्ज की

- घरेलू बाज़ार में वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड बना

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स इनोवेशन की अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने और अपने किसान-केंद्रित दृष्टिकोण का लाभ उठाते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की और वित्त वर्ष24 का समापन करने के लिए उत्साहित है। कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाज़ार हिस्सेदारी 15.3 प्रतिशत हासिल करने के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024 में घरेलू बाज़ार में बढ़ने वाला एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड बन गया है। इस ज़बरदस्त उपलब्धि ने सोनालीका को उद्योग के प्रदर्शन से भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाया है। नवीनतम प्रदर्शन से सोनालीका ने भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों के बीच अजेय 34.4 प्रतिशत एक्सपोर्ट बाज़ार हिस्सेदारी दर्ज की है। इसमें आश्चर्यजनक 6.2 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ोतरी शामिल है वित्त वर्ष'24 के दौरान सोनालीका की यात्रा अपने हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों और उन्नत उपकरणों के साथ ज़मीनी स्तर पर किसानों के साथ कंपनी के तालमेल को दर्शाती है।



अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाज़ार हिस्सेदारी 15.3 प्रतिशत के साथ अपनी वित्त वर्ष 24 की यात्रा को पूरा करके रोमांचित हैं। हम दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाज़ार भारत में वृद्धि दर्ज करने वाले एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड बनने और उद्योग के प्रदर्शन से बेहतर प्रदर्शन करके खुश हैं। ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में हमने 34.4 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी के साथ भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को और मज़बूत किया है। यह आश्चर्यजनक वृद्धि सोनालीका के प्रीमियम टाइगर रेंज और फ्लैगशिप सिकंदर छरूङ्ग सीरीज़ में नए और उन्नत ट्रैक्टरों को लॉन्च करने और हमारी हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज में निरंतर नई तकनीक पेश करने से संभव हुई है।



टी/20 वर्ल्ड कप 2024

# इतिहास में पहली बार खेल रहीं इतनी टीमें

नई दिल्ली। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट का विश्व कप जून में होगा। एक जून से मुकाबले शुरू हो जाएंगे। इस बार का वर्ल्ड कप यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज तो इससे पहले भी इसकी मेजबानी कर चुका है, लेकिन यूएसए में ये टूर्नामेंट पहली बार खेला जाएगा। इस साल के विश्व कप में क्या कुछ नया हो रहा है, ये हम आपको बताएंगे, लेकिन एक-एक कर। आज आपको जानना चाहिए कि इस बार इसमें कितनी टीमें खेल रही हैं और कौन से ग्रुप में किसके साथ कौन सी टीम रहेगी।




## टी20 विश्व कप में खेल रही 20 टीमें

- टी20 विश्व कप 2024 में दुनियाभर की 20 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं, उनके नामों का ऐलान कर दिया गया है। इससे पहले साल 2022 में जब ये टूर्नामेंट हुआ था, तब 16 टीमों ने हिस्सेदारी की थी, लेकिन ये पहली बार है, जब 20 टीमें इसमें भाग लेंगी। वेस्टइंडीज और यूएसए तो होस्ट हैं, इसलिए उनकी जगह पहले से ही पक्की थी। इसके बाद साल 2022 के विश्व कप में जो टीमें टॉप 8 में रही थीं, उनकी भी डायरेक्ट एंट्री हुई है। इसमें टीम इंडिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका शामिल हैं।

## आईसीसी रैंकिंग वाली टीमों की एंट्री

- 14 नवंबर 2022 तक जो टीमें आईसीसी की टी20 रैंकिंग में टॉप 10 में थी, उन्हें भी जगह दी गई है। इसलिए अफगानिस्तान और बांग्लादेश को जगह मिली हुई है। इसके बाद बाकी टीमें क्वालीफायर खेलकर आईं हैं, जिसका आयोजन पिछले दिनों आईसीसी की ओर से किया गया था। यूरोप से आयरलैंड और स्कॉटलैंड को जगह मिली है। ईस्ट एशिया पेसिफिक से पीएनजी यानी न्यू पपुआ गिनी ने इसमें हिस्सेदारी के लिए अपना स्थान पक्का किया है। अमेरिका से कनाडा और एशिया से नेपाल और ओमान को जगह दी गई है। अफ्रीका क्वालीफायर से नामिबिया और यूगांडा को एंट्री मिली है। इस तरह से कुल मिलाकर 20 टीमें हो गईं हैं।

## ▸▸ वर्ल्ड कप को बनाए 4 ग्रुप

- अब बात अगर ग्रुप की करें तो 20 टीमों को आईसीसी ने कुल 4 ग्रुप में बांटा है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान को रखा गया है। इसके अलावा जिन बाकी टीमों को इसमें जगह मिली है, उसमें आयरलैंड, कनाडा और यूएसए की टीम शामिल है। ग्रुप बी में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा नामिबिया, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें हैं।

## ग्रुप स्टेज के बाद सुपर 8 के मुकाबले

- आईसीसी ने विश्व कप के ग्रुप सी में न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के अलावा अफगानिस्तान, पीएनजी और यूगांडा को रखा है। ग्रुप डी में साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नीदरलैंड्स और नेपाल की टीमें हैं। यानी आईसीसी ने इस बात का ध्यान रखा है कि हर ग्रुप में दो बड़ी टीमें के अलावा बाकी टीमें छोटी रखी जाएं, ताकि सभी टीमों के पास आगे जाने का पूरा मौका रहे। जो टीमें अपने अपने ग्रुप में टॉप 2 पर रहेंगी, वो आगे के लिए सुपर 8 में चली जाएंगी।



# लखनऊ और दिल्ली की होगी टक्कर

नई दिल्ली। लखनऊ का इकाना स्टेडियम आईपीएल के एक और मैच की मेजबानी के लिए तैयार है। अब यहां पर लखनऊ सुपरजायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें आमने सामने होंगी। केएल राहुल की कप्तानी वाली एलएसजी तो फिर भी ठीकठाक स्थिति में है, लेकिन ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली का हाल बहुत खराब है। इकाना स्टेडियम लखनऊ की पिच धीमी मानी जाती है। यानी यहां पर स्पिनर्स जलवा दिखाते हुए नजर आ सकते हैं। शुरुआत में अगर पेसर्स ने दबाव नहीं बनाया तो फिर बल्लेबाज बड़े रन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें विरोधी टीम के स्पिनर्स से जरूर बचकर रहना होगा। जो भी टीम टॉस जीतेगी, यहां पहले बल्लेबाजी करने के बारे में जरूर सोचेगी। बाद में बल्लेबाजी करना यहां और भी मुश्किल हो सकता है। अगर यहां पर 180 से 190 रन पहले बल्लेबाजी करते हुए बन गए तो फिर विरोधी टीम के लिए मैच जीतना काफी ज्यादा मुश्किल हो सकता है। इस बीच अगर दोनों टीमों की अंक तालिका में हाल की बात की जाए तो एलएसजी ने 4 में से तीन मैच अपने नाम किए हैं और उसके पास 6 अंक हैं। टीम इस वक्त अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

## लखनऊ में एलएसजी ने जीते अपने दोनों मैच

लखनऊ को एलएसजी ने अपना किला बनाकर रखा है। अभी तक इस सीजन के आईपीएल में इस टीम ने यहां पर जो दो मैच खेले हैं, उसमें दोनों जीते हैं, अब तीसरे की बारी है। लखनऊ ने पहले पंजाब की टीम को मात देने में कामयाबी हासिल की, वहीं दूसरी बार गुजरात टाइटंस को पटकनी दी। इस बीच मजे की बात ये है कि यहां पर बहुत हाईस्कोरिंग मैच नहीं हो रहे हैं, लेकिन बहुत छोटे टोटल भी नहीं हैं। पहले मैच में लखनऊ की टीम ने 199 रन बनाए और इसके बाद पंजाब की टीम 178 रन बना सकी। एलएसजी ने 21 रन से मैच अपने नाम किया। दूसरे मुकाबले में एलएसजी ने 163 रन बनाए, लेकिन जीटी की पूरी टीम केवल 130 रन ही बना सकी। यानी लगातार स्कोर कम होता जा रहा है।

# हार्दिक और क्रुणाल के साथ करोड़ों का धोखा





मुंबई। क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को बुधवार को क्रिकेटर और उनके भाई के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के बयान के अनुसार सौतेले भाई वैभव पंड्या (37) ने कथित तौर पर मुंबई स्थित साझेदारी फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपये का हेरफेर किया, जिससे क्रिकेटर और उनके भाई क्रुणाल को नुकसान हुआ। वैभव पर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया गया है। दरअसल 2021 में तीनों ने संयुक्त रूप से एक पॉलीमर बिजनस शुरू किया था। साझेदारी की शर्तें यह थीं कि क्रिकेटर और उनके भाई प्रत्येक 40% पूंजी लगाएंगे, जबकि सौतेला भाई 20 प्रतिशत फंड लगाएगा और फर्म को चलाने की पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। बिजनस से मिला फायदे भी उसी अनुपात में वितरित किए जाने थे।

# 'हार्दिक पंड्या भारतीय टीम का भविष्य है...', सिद्धू का बड़ा दावा



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बार फिर कमेंट्री में एंट्री की है। वो इंडियन प्रीमियर लीग में कमेंट्री करते दिख रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या को लेकर बात की है। RCB टीम ने अब तक आईपीएल खिताब भी नहीं जीता है। जबकि इस टीम की सालों तक विराट कोहली ने भी कप्तानी संभाली है। अब वो बतौर प्लेयर ही खेल रहे हैं। जबकि फाफ डु प्लेसिस कप्तानी संभाल रहे हैं। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभाल रहे हार्दिक पंड्या को लेकर सिद्धू ने कहा, 'हार्दिक पंड्या भविष्य है। रोहित शर्मा वर्तमान है। रोहित अब 36-37 साल के हो गए हैं। साल दो साल और हैं। वो शानदार कप्तान और खिलाड़ी हैं। उसको देखता हूं तो लगता है कि समय ठहर गया है।

# राशिद खान ने अपने ऑलराउंड गेम से दिलाई यादगार जीत

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटंस की जीत के हीरो राशिद खान रहे। इस खिलाड़ी ने पहले अपनी गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को बांधे रखा। इसके बाद फिर बल्लेबाजी में अपना जलवा दिखाया। इस तरह राशिद खान ने अपनी टीम और फैंस को खास अंदाज में ईद का तोहफा दिया। राशिद खान ने 4 ओवर में 18 रन देकर जोस बटलर का अहम विकेट हासिल किया। साथ ही राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज राशिद खान की गेंदों पर रन बनाने के लिए जूझते रहे।




## राशिद खान ने दिया ईद का तोहफा!

इसके बाद राशिद खान ने बल्लेबाजी में अपना दम दिखाया। गुजरात टाइटंस को आखिरी 12 गेंदों पर 35 रनों की दरकार थी। लेकिन राशिद खान ने राजस्थान रॉयल्स के शिकंजे से जीत छीन ली। राशिद खान 11 गेंदों पर 24 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके जड़े। इस शानदार प्रदर्शन के लिए राशिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि राशिद खान ने अपने अंदाज में ईद की बधाई दी।



# युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास

## ▸▸ तोड़ दिया शेन वार्न का 13 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स टीम की तरफ से खेल रहे हैं। अब तक चहल का इस सीजन में बल्ले से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने 5 मैचों में 10 विकेट हासिल किए हैं और पर्पल कैप की रेस में नंबर 1 के स्थान पर काबिज हैं। युजवेंद्र चहल ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 10 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अपने 4 ओवरों में 43 रन जरूर दिए लेकिन 2 विकेट भी अपने नाम करने में कामयाब रहे। इसी के साथ चहल ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स टीम के पूर्व कप्तान शेन वार्न के 13 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

# 90 मीटर भाला फेंक सकता हूं: नीरज चोपड़ा




**नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। साथ ही उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है। बता दें कि, चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था।**

ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। साथ ही उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है। बता दें कि, चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं।

पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा कि, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा। उम्मीद करता हूं कि यह पेरिस ओलंपिक से पहले हो जाये। वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है इसलिये लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाये। तैयारियां अच्छी चल रही हैं।''

मौजूदा विश्व चैम्पियन के लिए सत्र से इतर अभ्यास अच्छा रहा है जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर ध्यान लगाया है। उन्होंने कहा, ''सत्र के शुरू में ध्यान फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी। मुझे लगता है कि इससे मेरी तकनीक में काफी सुधार हुआ। साथ ही दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में भी 'स्ट्रेंथ' एंव अनुकूलन ट्रेनिंग अच्छी रही।'' चोपड़ा ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक में काफी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, ''यह मेरा दूसरा ओलंपिक है इसलिये इस बार मैं पेरिस के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हूं। जहां तक मानसिक ट्रेनिंग की बात है तो मैंने ज्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन मैं जानता हूं कि यह मेरा दूसरा ओलंपिक है। '' चोपड़ा ने कहा, ''तोक्यो से पहले मेरी जो कमियां थीं, मैंने उन पर पेरिस की तैयारियों के दौरान काम किया है। सबसे अच्छी बात है कि तैयारी सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं और मैं काफी सकारात्मक हूं।''

किशोर जेना ने हांगझोउ एशियाड में 87.54 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीता था जिससे भारत इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहा। चोपड़ा ने कहा कि अगर यह 28 साल का एथलीट उनसे पहले 90 मीटर की दूरी पर भाला फेंक देगा तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। चोपड़ा ने कहा, ''उसने जिस तरह से विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में प्रगति की है, उसे देखते हुए किशोर मुझसे पहले भी 90 मीटर दूर भाला फेंक सकता है। 90 मीटर अटका हुआ है, लेकिन कभी ना कभी तो जायेगा।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962



# गर्मी में रखें अपनी आंखों को सुरक्षित

पूरे भारत में गर्मी का हाल बेहाल है। बढ़ती गर्मी के कारण व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो रहा है। इनमें मुख्य है त्वचा सम्बन्धी रोग और दूसरा है नेत्र सम्बन्धी रोग। दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है और भीषण गर्मी असहनीय होती जा रही है। ऐसे में लोग गर्मी से अपना बचाव करते हैं। हम अपने शरीर को ऊपर से नीचे तक कपड़े और सनस्क्रीन से ढक सकते हैं, लेकिन हमारी आंखों को हम सुरक्षित नहीं कर पाते। गर्मी की वजह से शरीर से ज्यादा तकलीफ हमारी आँखों को होती है। आंखें न केवल हानिकारक यूवी किरणों के सम्पर्क में आती हैं बल्कि गन्दगी, प्रदूषण से भी प्रभावित होती हैं। हम कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिनका उपयोग करके वे अपनी आँखों को इस भीषण गर्मी में संक्रमित होने से बचा सकते हैं।

## धूप का चश्मा

जिस तरह आप अपने शरीर को कपड़ों से ढकते हैं, दस्ताने से लेकर टोपी तक, उसी तरह आपकी आंखों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। अपने घर से बाहर निकलते समय, यूवी किरणों को सीधे अपनी आंखों में प्रवेश करने से रोकने के लिए आपको सन ग्लास अर्थात् धूप का चश्मा अपनी आँखों पर लगाना चाहिए।

## कम से कम 8 घंटे सोएँ

गर्मी के दिनों में प्रयास करके अपनी आंखों को पूरा आराम दें। इसके लिए जरूरी है कि आप कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। आठ घंटे की नींद लेने न केवल आपकी आँखें पूरी तरह से सुरक्षित रहती हैं अपितु यह आपके शरीर को भी पूरा आराम प्रदान करता है। साथ ही आपके इम्युनिटी पावर को भी बरकरार रखता है।

## ठंडे पानी से आंखें धोएं

अपनी आंखों को ठंडा रखने के लिए उन्हें ठंडे पानी से बार-बार धोने की कोशिश करें। ठंडा पानी आंखों से गर्मी को दूर करने में मदद करता है और उन्हें बेहतर महसूस कराता है।


अपनी आंखों को लुब्रिकेट करें

हमारी आंखें नमी खो देती हैं और सूखी और खुजलीदार हो जाती हैं। ऐसे में ढेर सारा पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखना चाहिए। जो लोग ऑफिस में लगातार कम्प्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं उन्हें अपनी आँखों को लेकर संजीदगी बरतनी चाहिए। उन्हें कम्प्यूटर पर काम शुरू करने से पहले अपनी आँखों को आई ड्रॉप्स से धोना चाहिए। आठ से दस घंटे लगातार कम्प्यूटर पर काम करने वाले लोगों को ऐसा कम से कम 3 बार करना चाहिए। आँखों में आई ड्रॉप्स डालने से आँखों की चिकनाई बरकरार रहती है।

## सनस्क्रीन का प्रयोग करने से बचें

अधिकांश युवा अपने चेहरे को सन स्क्रीन से बचाने के लिए क्रीम का प्रयोग करते हैं। इस क्रीम को लगाते वक्त वे उसको पलकों और भौंह पर भी लगा देते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं तो यह गलत है। आपको अपनी पलकों या आँखों पर सनस्क्रीन लगाने से बचाव करना चाहिए, क्योंकि इससे वे लाल और खुजलीदार हो सकते हैं।







# पेट की गैस, भारीपन तेजाब का नाश करेंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे

**अगर आप गैस और एसिडिटी जैसी समस्या के लिए दवाएं खा रहे हैं, तो इसे एकदम बंद कर दें, यह शरीर के पोषक तत्वों को खत्म कर सकती हैं।**

एसिडिटी और गैस बनना आम समस्याएं हैं, जिनसे रोजाना बहुत से लोग परेशान रहते हैं। अगर आप इससे राहत पाने के लिए पैन्टोजेन जैसी कोई दवाएं ले रहे हैं, तो आप बड़ी गलती कर रहे हैं। इनके अधिक सेवन से आपके शरीर में विटामिन बी12, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन डी सहित कई सारे पोषक तत्वों की कमी आ सकती है जिससे शरीर में इनके कई प्रभाव देखने को मिलते हैं। इन दवाओं के अधिक सेवन से शरीर में कमजोरी होना, थकान, कमजोरी और ऊर्जा की कमी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। अगर आप एसिडिटी सहित पेट की अन्य समस्याओं जैसे अपच, सीने में जलन, एसिड रिफ्लक्स, कब्ज, पेट फूलना आदि से राहत पाना चाहते हैं, तो आपको दवाओं पर डिपेंड होने की बजाय कुछ घरेलू उपाय आजमाने चाहिए।

### एसिडिटी के लक्षण

- सीने में जलन होना, खासकर खाने के बाद, जो रात में या लेटते समय बदतर हो सकती है
- भोजन या खट्टे तरल पदार्थ वापस आना
- ऊपरी पेट या सीने में दर्द
- निगलने में परेशानी
- पेट फूलना और भारीपन

## कच्चा जीरा है एसिडिटी का तगड़ा इलाज

एसिडिटी से राहत पाने के लिए आप जीरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप खाने से पहले थोड़ा सा कच्चा जीरा चबाएं और थोड़ा गुनगुना पानी पी लें, जब तक वो चबना जाए।

## ठंडा दूध

बहुत थोड़ी मात्रा में ठंडा दूध लें और उसमें आधा चम्मच गुलकंद मिक्स कर दें। इस मिश्रण को लेने से आपको एसिडिटी को बिना दवाओं के ठीक करने में मदद मिल सकती है।

## एंटासिड से हो जाएं सावधान

सुबह खाली पेट एसिड की दवाएं लेना आपकी सेहत को बर्बाद कर सकता है। बाजार में एंटासिड दवाएं धड़ल्ले से बिक रही हैं जोकि आपकी सेहत के लिए खतरनाक हैं। इनमें सोडियम कार्बोनेट होता है, जो शरीर के पोषक तत्वों को पी जाता है।

### आपको डॉक्टर के पास कब जाना चाहिए

अगर आपको यह उपाय आजमाने के बाद भी आराम नहीं मिल रहा और लक्षण बिगड़ते जा रहे हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इसके अलावा आपको सांस लेने में तकलीफ हो, या जबड़े या बांह में दर्द हो रहा है, तो सावधान रहें क्योंकि यह दिल का दौरा पड़ने के संकेत और लक्षण हो सकते हैं।



# पके कटहल को करें डाईट में शामिल

गर्मियों के मौसम में कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं.

## कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

## पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन-सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

## लिवर रहता है स्वस्थ

पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

## दिल रहेगा स्वस्थ

पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## वजन होगा कम

पके हुए कटहल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।



# दिल की बीमारी के खतरे को कम करता है किचन में रखा ये तेल

**सरसों को तेल हमारे किचन में बहुत आसानी से उपलब्ध होता है और यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा भी होता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि यह हमारे हार्ट हेल्थ के लिए कितना अच्छा है। सरसों के तेल की खासियत बहुत कम लोगों को पता है। सरसों का तेल विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम और आयरन जैसे तत्वों से भरपूर होता है, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करते हैं। यह आपके हार्ट के लिए कैसे अच्छा और इसके फायदे क्या है।**

## अल्फा-लिनोलेनिक एसिड

सरसों के तेल में अल्फा-लिनोलेनिक एसिड पाया जाता है, जो एक प्रकार का ओमेगा-3 फैटी एसिड है और यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर यह हृदय रोगों को नियंत्रित करने में मदद करता है।

## कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करता है

सरसों के तेल के प्रत्येक 100 ग्राम में करीब 60 से 70 प्रतिशत मोनोअनसैचुरेटेड फैट होता है, जो कि गुड फैट है और कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करने में मदद करता है । यह र्हा डिजीज के रिस्क को भी कम करता है।

## हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है

रिसर्च गेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, सरसों के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो हृदय की सेहत को सुरक्षित रखने मदद कर सकते हैं। इन तत्वों के नियमित सेवन से हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है।

## इन्फ्लेमेशन को कम करना

सरसों के तेल में एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टी के गुण भी होते हैं, जो शरीर में होने वाले किसी भी प्रकार के इन्फ्लेमेशन को कम कर सकते हैं। यह हृदय संबंधी समस्याओं के रिस्क को कम करने में मदद करता है।

## इम्युनिटी स्ट्रांग होती है

सरसों के तेल में मौजूद विटामिन और खनिज तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हार्ट सहित कई बीमारियों के होने का खतरा और भी कम होता है।

# गर्मी में पीजिए ये ड्रिंक्स



इंसान भले घर में हो या घर से बाहर लेकिन गर्मी में थकान, सिर दर्द, सुस्ती, नींद आना आम बात है। हालांकि इन सभी क्रियाओं का असर काम पर भी पड़ता है और पूरा दिन ऐसे ही गुजर जाता है। लेकिन कुछ समर ड्रिंक्स है जिन्हें आप कभी भी पी सकते हैं, इससे आपके अंदर तरावट भी बनी रहेगी और आलसीपन भी नहीं रहेगा। तो आइए जानते हैं समर टॉप 5 ड्रिंक्स के बारे में


**छाछ-** जी हां, गर्मी के साथ ही कोरोना वायरस के लिहाज से यह काफी सेहतमंद है। खाना खाने के बाद आप इसे कभी भी पी सकते हैं। इससे गर्मी में पाचन तंत्र भी अच्छा होता है और टेस्ट में भी स्वादिष्ट होती है। हालांकि छाछ और दही का कभी भी शाम 5 बजे के बाद सेवन नहीं करना चाहिए।

**कैरी पना-** गर्मी में कैरी का पना पीने से लू नहीं लगती है। खट्टा होने के कारण यह इम्युनिटी बढ़ाने के लिहाज से काफी अच्छा पेय है। बेहतर होगा खट्टे फलों का सेवन रात को नहीं करें। खाना खाने के बाद इसे पीने से पाचन तंत्र अच्छा रहता है और शरीर में तरावट भी बनी रहती है।

**ठंडाई-** जी हां, बाजार में इसका पैकेट आसानी से उपलब्ध हो जाता है और आप चाहे तो घर पर भी बना सकते हैं। घर पर बनाने के लिए आपको खस के दानों को 3 से 4 घंटे पहले भिगोना है। पहले उसे अच्छे से मिक्सर में पीस लें। उसके साथ थोड़ी से काली मिर्च भी मिक्स कर दें। पीसने के बाद वह पेस्ट दूध में मिक्स कर दें। आपकी ठंडाई तैयार है। इसे पीने से भूख भी कम लगती है और शरीर में भी ठंडक पहुंचती है।

**आंवले का शरबत-** जी हां, गर्मी में आंवले का शरबत पीने से एकदम ताजगी महसूस होती है। यह विटामिन की कमी को भी पूरा करता है। आंवले का शरबत आंख और बालों के लिए भी फायदेमंद है।

**बेल का शरबत-** गर्मी में ठंडक और तंदुरुस्ती बनाए रखने के लिए बेल का शरबत सबसे अधिक कारगर है। इसमें मौजूद विटामिन सी, पोटेशियम, कैल्शियम सहित अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह इम्युनिटी भी बढ़ाता है।



# सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए अपनाए ये घरेलू उपाय

अक्सर सिरदर्द की समस्या से कई लोग झूझते रहते है। ज्यादातर काम-काज का प्रेशर रहने से सिरदर्द जैसी परेशानी होती है तनाव, पर्याप्त नींद नहीं लेना, ज्यादा शोर, फोन पर ज्यादा देर बात करना, ज्यादा सोचना, थकावट, सिर में रक्तप्रवाह कम होना जैसे कई कारणों से अक्सर हम सिरदर्द जैसी परेशानी से झूझते है। नियमित दो बार 10-20 मिनट ध्यान करने से शरीर व मन दोनों को आराम मिलता है। सिर में रक्तप्रवाह बढ़ता है। जिसके कारण आप सिरदर्द की परेशानी में राहत मिलती है। सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए बेहतर होगा की आप शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाए जिससे बचने के लिए अच्छा होगा की आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिए जिससे आप खुद को सिरदर्द की परेशानी से बचा सकते है। मसल्स और शरीर में खिंचाव रहने से भी सिर दर्द होता है ऐसे में बेहतर होगा की आप थोड़े-थोड़े अंतराल पर स्ट्रेचिंग करें ऐसा करना बेहतर होगा। इन उपायों को करके आप सिरदर्द की परेशानी में राहत पा सकते है। सिरदर्द की परेशानी से तुरंत राहत पाने के लिए योग कारागार उपाय है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी से भी आप सिरदर्द जैसी समस्या में आराम पा सकते है।



# सुंदरता बढ़ाने और सेहतमंद बनने के लिए इस्तेमाल करें तेजपत्ता

तेजपत्ते का इस्तेमाल केवल खाने में डालने तक ही सीमित नही हैं। कई लोगों को ये जानकर हैरानी हो सकती है कि तेजपत्ते के इस्तेमाल से आप अपनी त्वचा व बालों को भी फायदा पहुंचा सकते हैं। आइए, जानते हैं कि किस तरह से आप तेजपत्ते को अपनी सुंदरता बढ़ाने और सेहतमंद बनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

- चेहरे पर दाग, धब्बे या मुहांसे होने पर तेजपत्ता काफी लाभदायक होता है। तेजपत्ते का लेप या फिर तेजपत्ता डालकर उबाले गए पानी से चेहरा धोना, चेहरे को साफ और बेदाग बनाए रखने में मदद करता है।
- तेजपत्ते का पानी सूर्य की किरणों से प्रभावित त्वचा को भी ठीक करने में मदद करता है, और त्वचा की रंगत को समान बनाए रखने में मदद करता है।
- बालों को नर्म, मुलायम और चमकदार बनाए रखने के लिए तेजपत्ते का उपयोग बेहद असरकारक होता है। आप चाहें तो इसे तेल में डालकर उस तेल को बालों की जड़ों में लगा सकते हैं, या फिर इसके पानी से बालों को धो सकते हैं।
- तेजपत्ते का लेप बनाकर बालों में लगाने से रूसी की समस्या से निजात मिल सकती है। इसे लेप को दही में मिलाकर भी लगाया जा सकता है, ताकि सिर की त्वचा में नमी बनी रहे और पोषण भी मिले।
- तेजपत्ते को सुखाकर उसके पाउडर को मंजन की तरह इस्तेमाल करना, दांतों की सफेदी और चमक बरकरार रखने में कारगर है। आप चाहें तो इसे सप्ताह में एक दिन आजमा सकते हैं।
- अगर किसी को काफी समय से कमर दर्द हो, तो इस काढ़े को पीने से जल्दी आराम मिलता है। आप चाहें तो कमर पर तेजपत्ते के तेल से मालीश भी कर सकते है।
- शीत लहर से होने वाले शारीरिक दर्द को भी ये काढ़ा दूर करने में मदद करता है। इसके लिए आप 10 ग्राम तेजपत्ता, 10 ग्राम अजवायन और 5 ग्राम सौंफ को एक साथ पीसकर मिश्रण तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को 1 लीटर पानी में डालकर अच्छी तरह से उबाल लें। जब पानी उबलने के बाद 100-150 मिलीलीटर बच जाए तो गैस बंद कर दें। कुछ देर बाद जब ये मिश्रण ठंडा जाएगा तो आपका काढ़ा पीने के लिए तैयार है।
- अगर कही पर मोच आ गई हो, तो सूजन और दर्द से राहत देने में तेजपत्ते का काढ़ा सहायक होता है। आप चाहें तो तेजपत्ता को पीसकर उसका लेप भी दर्द वाली जगह पर लगा सकते हैं इससे भी राहत मिलती है।
- अगर नसों में सूजन हो या नसों में खिंचाव, तो भी तेजपत्ते का काढ़ा आराम पहुंचाता है।

# काजोल की थ्रोबैक तस्वीर के कैप्शन ने खींचा लोगों का ध्यान



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल जो इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं, हमेशा अपने पोस्ट के लिए सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती हैं। काजोल ने अपने बेहतरीन करियर में कई ऐसी यादगार फिल्में दी हैं, जिन्हें भुलाना मुश्किल है। वह बॉलीवुड की उनक सक्सेसफुल एक्ट्रेस में से हैं, जिन्हें आज भी लोग स्क्रीन पर काम करते देखना चाहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस काजोल ने अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की है, जो तेजी से वायरल हो रही है। खात बात तो ये है कि एक्ट्रेस को खुद नहीं पता कि ये तस्वीर कब और कहां की है। काजोल ने इस ब्लैक एंड व्हाइट थ्रोबैक तस्वीर को शेयर करते हुए फैंस से सावल भी किया है। थ्रोबैक तस्वीर के अलावा काजोल का कैप्शन भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। जहां अभिनेत्री ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा कि 'मुझे ये नहीं पता है कि ये तस्वीर कब और कहां की है।' इसके साथ ही कैप्शन में एक्ट्रेस ने फैंस से सवाल भी किया है कि 'क्या कोई मुझे बता सकता है कि ये तस्वीर कब की है?' काजोल की ये मोनोक्रोमैटिक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। थ्रोबैक तस्वीर में अभिनेत्री काजोल को छोटे बाल और बड़े झुमके पहने देखा जा सकता है। अभिनेत्री आज भी फिल्म इंडस्ट्री में काफी एक्टिव हैं और सोशल मीडिया भी अक्सर पोस्ट करती रहती हैं। काजोल और अजय देवगन बॉलीवुड के सक्सेसफुल कपल्स में गिने जाते हैं। काजोल-अजय देवगन की पहली मुलाकात 1995 में फिल्म 'हलचल' के सेट पर हुई थी। वहीं परिवार और दोस्तों के बीच दोनों ने 24 फरवरी 1999 को शादी कर ली।

# सलमान खान बनेंगे 'सिकंदर'



सलमान खान और फिल्म निर्माता एआर मुरुगादॉस ने अपनी अपकमिंग फिल्म का एलान सोशल मीडिया पर ईद-उल-फितर 2024 के खास मौके पर कर दिया है। सलमान खान की नई फिल्म 'सिकंदर' की अनाउंसमेंट के बाद उनके फैंस इस मूवी को देखने के लिए अभी से काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। वहीं 2025 ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान धमाका करने वाले हैं। भाईजान ने साल 2010 से 2023 तक लगातार अपने फैंस को ईद पर अपनी के साथ खूब एंटरटेन किया है। वहीं इस साल उनकी कोई भी फिल्म नहीं रिलीज हुई, लेकिन 2025 में ईद के दिन बॉलीवुड स्टार की फिल्म रिलीज होगी। ईद-उल-फितर के मौके पर सुपरस्टार सलमान खान ने 'सिकंदर' नाम के अपकमिंग बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए फैंस को ईदी के तौर पर बहुत ही प्यार सरप्राइज दिया है। इस साल की शुरुआत में अभिनेता ने जाने-माने फिल्म निर्माता एआर मुरुगादॉस के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करते हुए रिलीज डेट के साथ-साथ पोस्टर भी शेयर किया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सलमान खान ने अपने प्रशंसकों को ईद की शुभकामनाएं दीं और उनसे इस ईद पर 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' देखने और 2025 में ईद पर सिकंदर देखने को कहा है। फिल्म 'सिकंदर' के मेकर साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने फिल्म का पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'इस ईद 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' को देखो और अगली ईद सिकंदर से आ कर मिलो..., आप सभी को ईद मुबारक!' सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'सिकंदर', 'किक', 'जुड़वा' और 'मुझसे शादी करोगी' जैसी फिल्मों में अपने ब्लॉकबस्टर काम के बाद सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला एक बार फिर साथ में काम करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि एआर मुरुगादॉस ने 'गजनी' से हिंदी में डेब्यू किया, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'हॉलीडेः ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी' का भी निर्देशन किया ता। सलमान खान आखिरी बार 'टाइगर 3' में नजर आए थे।

# एडवांस बुकिंग में ही अजय देवगन की 'मैदान' साबित हुई फिसड्डी





'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' ईद के खास मौके पर गुरुवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। दोनों ही फिल्मों की कहानी धमाकेदार होने वाली है। एक फिल्म में अजय देवगन की सीरियस एक्टिंग देखने को मिलने वाली है तो वहीं दूसरी फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी एक साथ धांसू एक्शन करती दिखेगी। दोनों ही फिल्मों के लेकर दर्शकों के बीच उत्साह देखने को मिल रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। ऐसे में कौन किस पर कितना भारी पड़ेगा ये पहले दिन के एडवांस बुकिंग आंकड़े से ही जाहिर होने लगा है। अक्षय कुमार और अजय देवगन, दोनों ही सितारों में किसका पलड़ा भारी है, ये आपको बताते हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इस फिल्म की पहले दिन की एडवांस बुकिंग काफी शानदार हुई है। फिल्म ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग से ही 4 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार फिल्म की कुल 158321 टिकट बिक गई हैं। इससे 41167749 रुपये की कमाई हुई है। ये डेटा ब्लॉक सीटों के बिना है। 10 अप्रेल रात 11 बजे के तक बिकी टिकटों के अनुसार इ से लिखा गया है। फिल्म की रिलीज से कुछ वक्त पहले तक एडवांस बुकिंग होती रहेगी। फिल्म पांच भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी) में रिलीज हो रही है और देशभर में 10299 शोज इस फिल्म के आयोजित किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि 'मैदान' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी, लेकिन ये 'बड़े मियां छोटे मियां' से थोड़ा पीछे ही रहने वाली है। फिल्म ने पेड प्रिव्यू में भी 2.6 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस फिल्म की पहले दिन की एडवांस बुकिंग भी सामने आ चुकी है। फिल्म की 38459 टिकट अब तक यानी 10 अप्रेल, रात 11 बजे तक बिकी हैं, जिसकी कीमत 8954957 रुपए है। पहले दिन फिल्म में 7226 कुल शोज देश भर में आयोजित होंगे। ये डेटा भी ब्लॉक सीटों के बिना है।

# अंकिता ने अलग अंदाज में मनाई छठी सालगिरह



टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर जोड़ियों का जब भी नाम लिया जाता है तो अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का नाम सबसे पहले आता है। दोनों की जोड़ी को फैंस का बेहिसाब प्यार मिलता है। सोशल मीडिया पर भी दोनों का काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी नई तस्वीरों और वीडियो से धूम मचाते रहते हैं। अब हाल में ही दोनों ने अपनी सालगिरह सेलिब्रेट की है। दोनों ने एक और साल अपनी मैरिड लाइफ में जोड़ लिए हैं। इसकी खुशी उन्होंने अपने फैंस से भी साझा की है। अब सालगिरह सेलिब्रेशन वाला पोस्ट काफी वायरल हो रहा है और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# सलमान खान, प्रियंका चोपड़ा, सोनाक्षी सिन्हा ने दी ईद की शुभकामनाएं







ईद अल फितर 2024 एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवकाश है जो दुनिया भर के मुसलमानों के लिए रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। यह उत्सव, कृतज्ञता और चिंतन का समय है। 2024 में, जब लोग इस खुशी के अवसर का जश्न मनाने के लिए अपने परिवारों और प्रियजनों के साथ एकत्र हुए, तो मशहूर हस्तियों ने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।



ईद-उल-फितर का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू क्षमा और मेल-मिलाप है। यह गिले-शिकवे दूर करने और साफ-सुथरी स्लेट के साथ नई शुरुआत करने का समय है। परिवार और दोस्त एक-दूसरे की गलतियों को माफ करने और अपने रिश्तों को मजबूत करने के लिए एक साथ आते हैं। क्षमा का यह कार्य लोगों को करीब लाता है और प्रेम और सद्भाव फैलाता है।

जैसे-जैसे दिन ख़त्म होता जाता है, लोग अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों से मिलने जाकर प्यार फैलाते रहते हैं। वे उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं, भोजन साझा करते हैं और साथ मिलकर नई यादें बनाते हैं। ईद-उल-फितर की भावना दूर-दूर तक फैलती रहती है, जो विभिन्न समुदायों और पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करती है।

अब हर कोई इस खास दिन पर प्यार और खुशियां फैलाने में शामिल हो गया। सलमान खान, प्रियंका चोपड़ा, सोनाक्षी सिन्हा, शाहिद कपूर और अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने अपने अनुयायियों को प्यार, शांति और समृद्धि से भरी ईद की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक संदेश, खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। उनके दयालु शब्दों और हार्दिक शुभकामनाओं स विभिन्न पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के लोगों के बीच एकता और एकजुटता की भावना आई। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ईद 2024 से जुड़ा एक खूबसूरत पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने लिखा, 'घर वापस आकर शीर खुरमा और बिरयानी की याद आ रही है।'

> ईद अल फितर 2024 एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवकाश है जो दुनिया भर के मुसलमानों के लिए रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। यह उत्सव, कृतज्ञता और चिंतन का समय है।

सलमान खान ने अपने प्रशंसकों को ईद की शुभकामनाएं दीं और अपनी अगली फिल्म %सिकंदर% के शीर्षक की घोषणा की। ईद-उल-फितर 2024 पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोनाक्षी सिन्हा ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। हुमा कुरैशी ने भी ईद 2024 पर अपने प्रशंसकों के लिए अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं। सोहा अली खान ने भी अपने फैंस को ईद 2024 की शुभकामनाएं दी हैं।



# नोएडा में मेट्रो लाइन व चौराहों पर अंधेरा देखकर नाराज हुए सीईओ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम. दिन-रात नोएडा की सड़कों पर उतरकर शहर



को साफ-सुंदर और सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने शहर के कुछ चौराहों और मेट्रो लाइन के नीचे फैले अंधेरे को देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को जल्द अंधेरा दूर करने के निर्देश दिये हैं।

## सीईओ रात को सड़क पर उतरे

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ नोएडा के कई औद्योगिक व आवासीय सेक्टरों का भ्रमण किया। सीईओ... ने निरीक्षण को दौरान सेक्टर-137 टी-प्वाइंट पर इंटरसेक्शन के सुधारीकरण, टी-प्वाइंट पर अंधेरे को दूर करने के लिए हाई मास्ट लगाने, सेक्टर-137 में 45 मीटर चौड़े रोड की सर्विस रोड पर वेंडिंग जोन संचालित करने के साथ ही सेक्टर-137 टी-प्वाइंट पर पानी की लाइन को कवर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही सेक्टर-137 में रोड के दोनों ओर फुटपाथ वाले भाग में ग्रास पेवर व नई टाइल लगाने के लिए भी कहा।

## ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के एसटीपी होंगे चैक

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान सेक्टर-137 के ड्रेन से दुर्गंध उठने पर सेक्टर-137 के पास स्थित सभी ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के एसटीपी को चैक करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। सीईओ ने सेक्टर-137, 91 एवं गढ़ी शहदरा के चौराहे का सुधारीकरण, चौराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिया। सीईओ ने सेक्टर-85 की ओर औषधि पार्क के सामने खाली जगह पर विकास कार्य कराने तथा सेक्टर-85 एवं 92 के मध्य मार्ग पर सेंट्रल वर्ज एवं फुटपाथ पर पेंट कराने के लिए कहा।

### मेट्रो लाइन के नीचे मिला अंधेरा

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान फेज-2 मेट्रो स्टेशन के नीचे टॉयलेट के समीप तथा सालारपुर के समीप गुजर रही मेट्रो लाइन के नीचे अंधेरा देखने पर नाराजगी जताई। सीईओ ने मेट्रो लाइन के नीचे बिजली के पोल व हाईमॉस्ट लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### नाले के ब्रिज पर लगेंगी ग्रिल

सलारपुर में सिंचाई नाले पर निर्मित नाले पर तीन दिन के अंदर ग्रिल लगाने के लिए सीईओ ने आदेश दिये। इसके साथ ही सलारपुर में मेट्रो लइन के नीचे मार्ग पर बिजली के पोल लगाकर फैले अंधेरे को दूर करने के निर्देश दिये।

### अतिक्रमण देख हुए नाराज

सीईओ ने सेक्टर-79 व 80 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण को दौरान सेक्टर-79, 76, 77 में कुछ स्थानों पर टीन शेड डालकर किये गये अतिक्रमण को देखकर सीईओ ने नाराजगी जताई। सीईओ ने वर्क सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

# मतदान के पूर्व फोटो पहचान-पत्र का दस्तावेज होना आवश्यक : मनीष वर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने



बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यू.डी.आई.डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

### एमसीएमसी से प्रमाणीकरण कराएं विज्ञापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने 13-गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के समस्त प्रत्याशियों से कहा कि टीवी और केबल नेटवर्क/केबल चैनलों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, सिनेमा हॉलों में प्रदर्शित होने वाले विज्ञापनों, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, ई-समाचार पत्रों में विज्ञापनों, सोशल मीडिया और इंटरनेट वेबसाइटों पर विज्ञापनों को प्रदर्शित करने से पूर्व मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। यदि एमसीएमसी कमेटी से बिना प्रमाणीकरण कराये इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों को प्रदर्शित किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मतदान के दिवस पर और मतदान के एक दिन पहले समाचारपत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणीकरण कराना होगा। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/ आवेदकों को जनपद स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी कलेक्ट्रेट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में बनाए गए अनुमति कक्ष में आवेदन देकर पूर्व-प्रमाणन कराना होगा।



सेक्टर-8 बांस-बल्ली मार्केट में ईद की मुबारकबाद देते कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन, परवेज, युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम नागर, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हाजी शमशेर अब्बासी व अन्य लोग।

# 'वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं का मतदान 15-16 अप्रैल को उनके घर में होगा'

नोएडा (चेतना मंच)। प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस/ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, 13-संसदीय क्षेत्र गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत अनुपस्थित मतदाताओं यथा वरिष्ठ नागरिक (आयु-85 वर्ष से अधिक), दिव्यांग मतदाता, कोविड पोजेटिव मतदाताओं को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा 15 अप्रैल 2024 एवं 16 अप्रैल 2024 को घर पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।




इस क्रम के लिए 61- विधानसभा नोएडा हेतु 8 टीम, 62-विधानसभा दादरी हेतु 3 टीम, 63-विधानसभा जेवर हेतु 9 टीमों का गठन किया गया है, प्रत्येक मतदान टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियों ग्राफर को लगाया गया है। उन्होंने बताया मतदान टीम 15.4.2024 तथा 16.4.2024 को घर घर जाकर प्रात: 07 बजे से सायं 06 बजे तक मतदान कराने का कार्य करेगी एवं जनपद बुलन्दशहर के 13-गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के समाहित 64-विधानसभा सिकन्द्राबाद एवं 70-विधानसभा क्षेत्र खुर्जा हेतु 13.4.2024 एवं 15.4.2024 को पोस्टल बैलेट मतदान का कार्य कराया जायेगा। समस्त राजनैतिक दल एवं समस्त प्रत्याशी 13 -गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते है।

# सरकार ने किसानों के लिए किए कई अभूतपूर्व कार्य: डा. महेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में गांव



व किसानों के लिए देश एवं प्रदेश की सरकार ने कार्य किया है उसे उससे किसानों के स्वर्णिम युग की शुरुआत हुई है। पिछले 10 वर्षों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि की गई। करोडों की संख्या में गरीब किसानों और मजदूरों के लिए घर और शौचालय बनाए गए, किसान के सम्मान में प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की शुरुआत की और फसल बीमा के तहत करोड़ों किसान उससे लाभान्वित हुए। मुझे कहते हुए गर्व हो रहा है कि स्व. चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह ने किसानों के स्वर्णिम भविष्य का जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहें है।

इस दौरान सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, त्रिवेश गुप्ता, शैलेष तेवतिया, पवन पंकज प्रधान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आरएलडी कुंवर पीके सिंह, चौ. वीरपाल सिंह तेवतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आरएलडी, हरीओम डागर, पंकज प्रधान, नरेन्द्र तेवतिया, नवीन तेवतिया, जितेन्द्र तेवतिया, डा. अंतुल तेवतिया, सांसद प्रतिनिधि सुरेश चन्द शर्मा, चौ. घनश्याम यादव, सुनील यादव, जितेन्द्र चौधरी, हरेन्द्र सिंह, दलवीर सिंह, पुष्पेन्द्र भाटी प्रमुख, अरविन्द दीक्षित, अजीत दौला, सुरेन्द्र धनकड, जगदीश रावल, ब्रजवीर



तेवतिया, विकास चौहान, पीयूष, गगन शर्मा, बब्बू प्रधान, प्रवीन जौली, जिलाध्यक्ष आरएलडी सिंह, अनुज पवार, धर्मेन्द्र तेवतिया, राजकुमार कौशिक एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीएम के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए : जयंत चौधरी

## भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में रालोद अध्यक्ष ने की जनसभा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र सिकंदराबाद तहसील के गांव भटौना स्थित चौधरी चरण सिंह इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी पहुंचे जहां गौतमबुद्धनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के समर्थन में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जयंत चौधरी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी और कहा कि मलूक नागर बसपा के वरिष्ठ नेता सांसद बिजनौर से ये परिवार के साथ राष्ट्रीय लोक दल में आये हैं. हमारा कुनबा बढ़ रहा है। तेज गति के साथ हमें एनडीए को मजबूत करना है। गौतमबुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के पक्ष में 26 अप्रैल को भारी संख्या में मतदान करें और प्रधानमंत्री के आह्वान अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनायें।



आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कितना अद्भुत कार्य हुआ है और अगले 5 साल बहुत कुछ अच्छा होने वाले हैं। इसलिए आप अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को देकर प्रधानमंत्री को पुन: प्रधानमंत्री बनायें। माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह जी को जो भारत रत्न देकर सम्मानित किया है उसके लिए आज हर एक किसान अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

